दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



शेखर ने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की जताई मंशा



लाल कपड़ों में दिलाई मां रवीना की याद

वर्ष : 12 | अंक : 159 | लखनऊ, 02 मई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### टायर फटने से पलटी कार, एक की मौत

रांची। मृतक की पहचान राजेश कुमार जायसवाल के रूप में हुई है। उनके पुत्र शुभम कुमार ने बताया कि उनके पिता झारखंड में सर्वेयर के पद पर कार्यरत थे। परिवार रांची के रातू रोड स्थित अपने आवास लौट रहा था। वे अपने पैतृक घर मधेपुरा से रांची जा रहे थे। इसी दौरान मोकामा और हाथीदह के बीच उनकी कार का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर कई बार पलट गया।



### 12 लाख रुपए का प्रतिबंधित डोडा बरामद

रांची। सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर चरकाखुर्द गांव में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान सुनील कुमार के घर से छह प्लास्टिक बोरियों में रखा 83 किलो 790 ग्राम प्रतिबंधित अफीम डोडा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त डोडा की अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 लाख 56 हजार रुपये है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इस खेप को बिहार में सप्लाई करने की तैयारी थी।



### सीएम योगी ने बिजनौर में कहा- 'खर-दूषण' सामने हो तो शस्त्र उठाना जरूरी

# दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं, नालायक औलादों को समझाएँ मौलाना-मौलवी: सीएम योगी

*सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए अपराधियों और उनके संरक्षकों को सख्त लहजे में संदेश दिया, मुख्यमंत्री ने अपराधियों की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा, दोस्ती की आड़ में अब छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा।*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में सोमवार (1 जून 2026) को आयोजित सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद की हालिया हिंसक घटना का कड़ा संज्ञान लिया। पाकिस्तान से आए विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार प्रमाण पत्र वितरित करने पहुँचे सीएम योगी ने मंच से साफ चेतावनी दी कि सूबे में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए अपराधियों और उनके संरक्षकों को सख्त लहजे में संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने अपराधियों की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा, दोस्ती की आड़ में अब छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा। अगर कोई अपनी नालायक औलाद को नहीं समझा रहा है तो वह बहुत बड़ी गलती कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अहिंसा और मानवता समाज के आभूषण हैं, लेकिन जब व्यवस्था के सामने चुनौती खड़ी करने वाली ताक़तें हों, तब उनके मुकाबले के लिए आवश्यक कदम उठाना जरूरी है। शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खर-दूषण हो, क्योंकि करुणा मनुष्यों के लिए होती है, खर-दूषणों के लिए नहीं।



### मौलाना और मौलवी अपने शोहदों को समझाएं:

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कुछ मुस्लिम धर्मगुरुओं के दोहरे चरित्र पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, आज मौलाना और मौलवी गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए ज्ञापन दे रहे हैं। गाय तो हमरी माता है वह पशु नहीं है। पशु तो ऐसे लोगों की बुद्धि है जो ऐसी माँग कर रहे हैं। मौलाना और मौलवी अपने शोहदों को समझाएँ, अगर वे नहीं माने तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इनके पाले हुए तत्वों ने बकरीद पर गाय की फोटो वाले मेसेज प्रसारित किए, जो इनका दोगलापन दिखाता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ये लोग कभी पाकिस्तान और बांग्लादेश की प्रताड़ना की निंदा नहीं करते और न ही जुमे की नमाज में इसकी घोषणा करते हैं। उन्होंनेदोहराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन बहुसंख्यक समाज और कानून का पालन करने

### सीएम योगी ने दी सख्त चेतावनी : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बकरीद से पहले सड़कों पर नमाज पढ़े जाने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी थी। उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नमाज पढ़नी है, आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे. हम सड़क को बाधित नहीं करने देंगे। सरकार का नियम सार्वभौम है। सबके लिए समान रूप से लागू होता है। सीएम योगी ने ये भी कहा, कानून का राज होगा। कानून के राज को सबके लिए समान रूप से लागू करेंगे। नमाज पढ़नी आवश्यक है। आप शिफ्ट में पढ़िए। हम उसको रोकेंगे नहीं। लेकिन सड़क पर नहीं। सड़क चलने के लिए एक आम नागरिक के लिए, एक बीमार व्यक्ति के लिए, एक आम नागरिक के लिए, एक कामगार के लिए, एक कर्मचारी के लिए, एक सामान्य नागरिक के लिए, एक व्यापारी के लिए हम सड़क को बाधित नहीं करने देंगे। सरकार का नियम सार्वभौम है. सबके लिए समान रूप से लागू होता है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने दी बधाई

# बिहार का बेटा देश में नंबर-1: जेईई एडवांस में गया के शुभम का कमाल

**शुभम कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर बिहार**

**360 में से 330 अंक प्राप्त किए, जिसकी सीएम चौधरी ने भी सराहना की**



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल जेईई एडवांस्ड 2026 में बिहार के लाल शुभम कुमार ने इतिहास रच दिया है। गया जिले के रहने वाले शुभम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक-1 (एआईआर-1) हासिल की है।

इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शुभम को परीक्षा में 360 में से 330 अंक प्राप्त हुए हैं। उनकी सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि लगातार मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

### दो साल से कर रहे थे तैयारी

इससे पहले भी उन्होंने जेईई मेन 2026 के दोनों सत्रों में 100 परसेंटाइल हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। शुभम ने कहा कि दो साल से जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहे थे। बहुत मेहनत करने पर बेहतर की उम्मीद तो रहती ही है। परिणाम से बहुत अच्छा लग रहा है।

गया शहर के नादरागंज निवासी शुभम एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता शिव कुमार हार्डवेयर व्यवसायी हैं, जबकि मां कंचन देवी गृहिणी हैं। बेटे की इस ऐतिहासिक सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। शुभम की उपलब्धि ने पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है और राज्य के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

### मुख्यमंत्री ने कहा-बिहार का नाम किया रोशन

शुभम की सफलता पर राजनीतिक और सामाजिक जगत से भी उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुभम की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर शुभम ने पूरे देश में बिहार का नाम रोशन किया है।

### जनगणना के लिए 3,500 गणनाकर्ताओं को तैनात किया गया

नवी मुंबई : 15 मई तक स्व-गणना चरण पूरा होने के बाद, नवी मुंबई में जनगणना 2027 से संबंधित कार्यों में तेजी आई है और घर-घर जाकर डेटा संग्रह का काम शुरू हो गया है। नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) ने अपने अधिकार क्षेत्र में लगभग 3,500 गणनाकताओं और पर्यवेक्षकों को तैनात किया है ताकि घर-घर जाकर डेटा एकत्र किया जा सके। चल रहे कार्यों की समीक्षा के अंतर्गत, उप रजिस्ट्रार जनरल वाई. एस. पाटिल और संयुक्त निदेशक वीरेंद्र दीक्षित ने प्रगति का आकलन करने के लिए नगर निगम मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, नगर आयुक्त और प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. कैलाश शिंदे ने प्रभारी जनगणना अधिकारियों और सहायक आयुक्तों को प्रक्रिया में तेजी लाने और 14 जून तक फील्डवर्क पूरा करने का निर्देश दिया।

### कांग्रेस चिंतन समारोह में पहुंचे राहुल

## संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अजमेर जिले के पुष्कर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस के 10 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन एवं संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। वाइल्ड रोज रिसॉर्ट में आयोजित इस शिविर में देशभर से आए कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर दिया।



राहुल का स्वागत करते पूर्व सीएम

### आमजन तक पहुंचें

राहुल गांधी ने प्रशिक्षण शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने को कहा।

### अन्नामलाई का भाजपा से मोहभंग!

## नई पार्टी का कर सकते हैं ऐलान अध्यक्ष नबीन से मिलने मांगा समय

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु में भाजपा के अहम चेहरों में शुमार के अन्नामलाई के तमिलनाडु भाजपा से अलग होने की अटकलें सामने आ रही हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के लिए वक्त मांगा है। अन्नामलाई के करीबी लोगों के मुताबिक वे 3 जून को कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। वे अन्नामलाई मक्कल शक्ति इय्यक्कम नाम से अपनी ही पार्टी जल्द शुरू कर सकते हैं।



नितिन नबीन अन्नामलाई

### गठबंधन से थे नाराज

साल 2021 से 2025 तक तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वे तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा के अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन से नाराज थे।

### नायब सैनी की उपस्थिति में 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

## 5 लाख करोड़ के निवेश लक्ष्य के साथ सीएम ने किया 'मेक इन हरियाणा पॉलिसी' को लॉन्च

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 'मेक इन हरियाणा' इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। सीएम सैनी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लोगो का भी अनावरण किया।

**इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर**



### आर्थिक विकास का रोडमैप

सीएम सैनी ने कहा कि 'मेक इन हरियाणा' हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। यह कॉम्पिटिटिवनेस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एक्सपोर्टस, रोजगार और फ्यूचर–रेडी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित है।

### जल्द ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होगी

उन्होंने कहा कि इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा भारत की जीडीपी में लगभग 3.6 प्रतिशत योगदान देता है।

# अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी की त्रिवेणी से बनता है सफल भविष्य - केशव प्रसाद मौर्य

## अमर उजाला के 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2026' में उप मुख्यमंत्री ने मेधावियों को किया सम्मानित

### जीवन में लक्ष्य तय कर परिश्रम के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य मिलेगी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही विकसित भारत के वास्तविक शिल्पकार हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को साकार करने में आज के युवाओं और विद्यार्थियों की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। स्पष्ट लक्ष्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर हर सफलता प्राप्त की जा सकती है। श्री मौर्य सोमवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अमर उजाला के 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2026' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज पढ़ने और पढ़ाने का सकारात्मक माहौल बना है। एक समय प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में नकल की समस्या व्यापक चर्चा का विषय हुआ करती थी, लेकिन आज पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली के कारण उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों की प्रतिभा पूरे देश में नई पहचान बना रही है। उन्होंने विश्वास



व्यक्त किया कि प्रदेश जिस प्रकार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। श्री मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब विद्यार्थी परिश्रम करता है, शिक्षक समर्पित भाव से मार्गदर्शन देता है और अभिभावक सहयोग एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं, तब सफलता की नई इबारत लिखी जाती है। उन्होंने अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी को सफलता की ‘त्रिवेणी’ बताते हुए कहा कि इनके समन्वित प्रयासों से ही एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में उन्होंने प्रदेश के टॉपर विद्यार्थियों के घर तक सड़क निर्माण को 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम गौरव पथ' योजना से जोड़ने की घोषणा की थी। यह योजना आज भी संचालित है और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा–

'मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है,
पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।'

श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, नवाचार, सुरक्षा, सुशासन और सामाजिक समानता के क्षेत्र में भी विश्व के अग्रणी राष्ट्रों की श्रेणी में स्थान प्राप्त करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस राष्ट्रीय संकल्प में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हुए प्रधानमंत्री जी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख किया और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की प्रतिभा का विश्व में कोई मुकाबला नहीं है। भारतीय विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में अवसर प्राप्त करते हैं, वहां अपनी योग्यता, परिश्रम और नवाचार के बल पर देश का गौरव बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर में बदलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने विद्यार्थियों को सफलता की बधाई देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन और सतत परिश्रम सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के सकारात्मक परिणाम आज विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रहे हैं और बेटियां निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप ड्रॉपआउट दर में कमी आई है और बड़ी संख्या में बच्चे विद्यालयों से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी तथा बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी की चाबी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की मेधावी सम्मान योजना बनी शिक्षा प्रोत्साहन का मॉडल

## गाँव की शान, मेधावियों का सम्मान अभियान से सरोजनीनगर में प्रतिभाओं को मिल रही नई उड़ानः डॉ. राजेश्वर सिंह

### 4 वर्षों में 2,000 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा केंद्र एवं राज्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल शैक्षणिक उपलब्धि का नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका सदैव यह विश्वास रहा है कि मेधावी विद्यार्थी ही विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के भविष्य के निमार्ता हैं। इसी सोच के साथ चार वर्ष पूर्व सरोजनीनगर में मेधावी सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य केवल पुरस्कार प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रतिभा को पहचान देना, उसका उत्साहवर्धन करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि ह्लआपका विधायक आपके द्वारह्व कार्यक्रम के माध्यम से संचालित *ह्लगाँव की शान, मेधावियों का सम्मानह्व* अभियान के तहत सरोजनीनगर में विगत 169 सप्ताह से निरंतर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में गाँव के दो मेधावी बालक एवं दो मेधावी बालिकाओं सहित कुल चार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल तथा 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 2,000 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें 1,800 से अधिक विद्यार्थियों को साइकिल, लैपटॉप एवं टैबलेट वितरित किए गए हैं। यह पहल केवल पुरस्कार वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, परिश्रम और उत्कृष्टता के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का एक सतत प्रयास है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि 'गाँव की शान' के रूप में सम्मानित ये विद्यार्थी न केवल अपने परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। प्रतिभा का सम्मान और परिश्रम का प्रोत्साहन ही आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी सम्मानित छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज के ये मेधावी विद्यार्थी ही कल के विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निमार्ता बनेंगे।

# कसमंडी कला : हिंदू पक्ष ने मदरसा संचालक के खिलाफ तहरीर दी

### धर्मांतरण, अवैध मदरसा संचालन और किले के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ के आरोप; पुलिस बोली—जांच के बाद होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी ने सोमवार को मलिहाबाद पुलिस को तहरीर देकर कसमंडी में कथित अवैध धार्मिक गतिविधियों, भूमि कब्जे और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर पत्र में आरोप लगाया गया है कि कसमंडी कला स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के राजपासी कंस किले पर जीशान मिर्जा, मौलाना जमील अहमद द्वारा किले का मूल ढांचे को बदलने और अवैध रूप से धार्मिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। योगेश पासी का कहना है कि बीते तीन वर्षों के दौरान किले के ढांचे की गतिविधियों में बदलाव देखा गया है। जिसमें अवैध रूप से नमाज अदा की जा रही थी। योगेश पासी ने आरोप लगाया कि जीशान मिर्जा और मौलाना जमील अहमद द्वारा बिना मान्यता के कसमंडी कला में ₹सुलेमानियार₹ नाम से मदरसा संचालित किया जा रहा था। जहां पर उनके द्वारा नबीपनाह गांव के नट बिरादरी के 20 बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। जिन्हें शिक्षा की आड़ में उनका धर्मांतरण कराया जा रहा था शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है तथा मदरसे के विस्तार का प्रयास किया जा रहा है। योगेश पासी ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन कथित गतिविधियों के कारण क्षेत्र में सामाजिक तनाव और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पत्र में मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच रिपोर्ट तैयार कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सई नदी में नहाने के दौरान घायल हुए आर्मी सेना नायक की कमांड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों सई नदी में नहाने के दौरान घायल हुए आर्मी मध्य कमान सिगनल रेजीमेंट ट्रेड ईएफएस के नायक की सोमवार को कमांड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई।सोमवार दोपहर बाद सेना की गाड़ी से उनका शव गांव लाया गया। जहां सैन्य सम्मान के साथ ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बंथरा के गोड़वा गांव निवासी रविंद्र कुमार रावत (40) आर्मी में मध्य कमान सिगनल रेजीमेंट की ट्रेड ईएफएस में नायक पद पर जबलपुर में तैनात थे। बीते दिनों उनका स्थानांतरण लखनऊ कर दिया गया था। जिसके लिए वह गत दिनों अपने गांव पहुंचे और 24 मई की सुबह गांव के पास ही अपने कुछ दोस्तों के साथ सई नदी में नहाने गए थे। जहां नदी में जंप लगाने के बाद वह किसी भारी वस्तु से टकरा गए और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। जिससे वह पानी के अंदर ही बेहोश हो गए। जब वह बाहर नहीं निकले तो साथ के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला।बाद में इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।इसके बाद उन्हें कमांड अस्पताल रेफर कर दिया गया।कमांड हॉस्पिटल में वह लगातार कोमा में चल रहे थे। लेकिन सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत होगई।इसके बाद लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट सहित सेना के अन्य जवानों द्वारा सेना की गाड़ी से तिरंगे में लपेटकर उनका शव गांव पहुंचाया गया।जहां शव देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाद में घर से करीब 1 किलोमीटर दूर गांव के बाहर उनकी पारिवारिक जमीन पर सेनानायक के शव का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेनानायक के पिता जगदीश रावत, भाई महेंद्र रावत और सेना नायक के दोनों बेटों के अलावा सांसद आरके चौधरी और लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट ने पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। साथ ही सेना के जवानों ने बैंड बाजे की धुन से सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। इसके बाद शव का दाह संस्कार कर दिया गया। मृतक के परिवार में पत्नी तारावती उन्नाव के औरास में प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका है। वहीं मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अक्षांत उर्फ चीकू 5 वर्ष और छोटा बेटा मीकू 3 वर्ष है। बताया जाता है कि रविंद्र कुमार को 25 मई को लखनऊ में ड्यूटी ज्वाइन करनी थी, लेकिन उससे पहले ही 24 मई को नहाने के दौरान यह घटना हो गई।

# विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे मृतका के पति को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे मृतका के पति को गिरफ्तार कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बिजनौर निवासी स्व. राकेश राजपूत की बेटी निशु राजपूत (25) की वर्ष 2019 में सरोजनी नगर के पिपरसण्ड निवासी मजदूर पवन राजपूत उर्फ गोलू से शादी हुई थी। शुक्रवार दोपहर गोलू घर के बाहर था। कुछ देर बाद अंदर गया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खटखटाने पर जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उसने खिड़की से झांक कर देखा। जहां उसकी पत्नी निशु पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे मृत लटकी मिली थी। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने निशु के पति पवन राजपूत सहित उसके परिजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था।घटना को लेकर मृतका की मां रूपा ने मृतका के ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के साथ उसकी हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इसकी जांच एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा को सौंप गई। इसके बादए सीपी ने सरोजनी नगर पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी करने के आदेश दिए। लेकिन घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।इसी बीच सोमवार को मुखबिर से पता चला कि मृतका का पति पवन सरोजनी नगर में ही गहरु अंडरपास के पास मौजूद है।इसके बाद पहुंची पुलिस ने उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पवन ने दहेज के लालच में उसे प्रताड़ित करने की बात कबूल की। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर नीशू ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने पवन लोधी उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# छोटे कारोबारियों के उत्थान और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है पीएम स्वनिधि योजना- केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने पर सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2020 में प्रारंभ की गई पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसाय से जुड़े लाखों परिवारों के लिए आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराए जाने, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने तथा बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित किए जाने से छोटे उद्यमियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और स्वरोजगार को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। योजना ने लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। श्री मौर्य ने कहा कि 75 लाख से अधिक लाभार्थियों तथा 17,800 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरण के साथ पीएम स्वनिधि योजना देश के रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं एवं छोटे कारोबारियों के सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी मिसाल बन चुकी है। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को धरातल पर साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी यह योजना छोटे उद्यमियों, स्ट्रीट वेंडर्स तथा स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करती रहेगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र नाथ त्रिपाठी बनाए गए भाजपा के राष्ट्रीय संगठक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ/नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखण्ड में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन के रूप में संगठन को गति प्रदान करने वाले नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा का राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया गया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने श्री त्रिपाठी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पुराने कार्यकताओं के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है, नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति समर्पित रहे हैं उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखण्ड में भाजपा संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में उत्साह का संचार एवं मनोबल बढ़ेगा।

# जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं युवाओं ने सहभागिता की। फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरणों, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं।

श्री मौर्य ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से लोगों की वास्तविक समस्याओं की जानकारी प्राप्त होती है तथा उनके समाधान की प्रक्रिया को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



श्री मौर्य ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसा समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिले और उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं समाज के कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय जांच कर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न और अवैध कब्जों के मामलों में दोषियों के विरुद्ध आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई भी की जाए।

जनता दर्शन के दौरान स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रयागराज निवासी श्री नीरज कुमार प्रजापति ने भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किया, जबकि कौशाम्बी जनपद की ग्राम पंचायत हटवा रामपुर मडूकी की प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों ने आवासीय पट्टों के आवंटन संबंधी मांग रखी। उप मुख्यमंत्री ने सभी मामलों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

इस अवसर पर श्री मौर्य स्वयं फरियादियों के बीच पहुंचे और उनसे सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में लगभग तीन दर्जन से अधिक प्रकरणों पर सुनवाई की गई तथा बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेही के साथ होना चाहिए, जिससे आमजन का शासन एवं प्रशासन पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# विभुवन संकष्टी व्रत कल, ढाई साल बाद बन रहा विशेष संयोग

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत भी किया जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, विभुवन संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करने से सभी विघ्न दूर होते हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ (अधिक) माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 03 जून को रात 09 बजकर 21 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 04 जून को रात 11 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में 03 जून को विभुवन संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है. पंचांग के अनुसार, अधिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को विभुवन संकष्टी कहा जाता है. इसलिए इस संकष्टी चतुर्थी का संयोग प्रत्येक ढाई साल पर बनता है. चूंकि, यह चतुर्थी पुरुषोत्तम मास में पड़ती है, इसलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। द्दक पंचांग के अनुसार, इस साल ज्येष्ठ में विभुवन संकष्टी का व्रत तीन जून को बनने जा रहा है. इस दिन बुधवार होने की वजह से इस व्रत का प्रभाव और अधिक शुभ प्राप्त होगा। शास्त्रों के अनुसार, विभुवन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने से हर प्रकार कष्टों से मुक्ति मिलती है. इसके अलावा यह व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए अत्यंत खास माना गया है।

**विभुवन संकष्टी का धार्मिक महत्वः** शास्त्रों के अनुसार विभुवन संकष्टी का व्रत करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। यह व्रत मानसिक, शारीरिक और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति प्रदान करता है। विभुवन संकष्टी भगवान गणेश को समर्पित एक अत्यंत पवित्र व्रत है। यह व्रत कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को किया जाता है। संकष्टी का अर्थ है संकटों से मुक्ति। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक गणेश जी की पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएँ दूर होती हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**विभुवन संकष्टी पर कैसे करें गणेशजी की पूजाः** विभुवन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने के लिए सबसे पहले इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गणपति का ध्यान करते हुए संकल्प लें. इसके बाद पूजा स्थल पर भगवान गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें. मूर्ति स्थापना के बाद मंत्रों से गणपति का आवाहन करें. जब गणपति का आवाहन कर लें, तो उन्हें पंचामृत स्नान कराएं. इस दौरान 'गणेशाय नमः' इस मंत्र का जाप करते रहें. गणपति को पंचामृत स्नान कराने के बाद उन्हें दूर्वा, अक्षत फूल, फल और विशेष मिष्ठान (नारियल के लड्डू) इत्यादि अर्पित करें. इसके बाद अथर्वशीर्ष का पाठ करें या उनके मंत्रों का जाप करें. मंत्र जाप के बाद व्रत कथा का पाठ करें. पूजन के अंतिम चरण में घी या कपूर जलाकर आरती करें और उसे पूरे घर में दिखाएं. इस विधि से विभुवन संकष्टी चतुर्थी की पूजा करने से हर प्रकार की मनोकामना पूर्ण होगी और कष्ट दूर होंगे।

# संस्कृति, आस्था और अध्यात्म का अद्भुत संगम

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** यश म्यूजिकल ट्रस्ट रंगमंडल, अयोध्या द्वारा संस्कृति, आस्था एवं अध्यात्म के पावन संगम को प्रदर्शित करती भव्य नृत्य-नाटिका अविरल गंगा का सफल आयोजन कुर्मांचल नगर स्थित सभागार, लखनऊ में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा (कार्यक्रम अधिकारी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद) तथा विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार पाठक पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, संस्कृति विभाग, सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी एवं डॉ करुणा पांडेय वरिष्ठ साहित्यकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पश्चात गणेश वंदना एवं देवी आराधना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा एवं कोषाध्यक्ष सुमिष्ठा मित्रा ने मुख्य अतिथि, अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि अविरल गंगा केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवन मूल्यों का सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने संस्था को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की शुभकामनाएं दीं। नृत्य-नाटिका में कलाकारों संगीता आहूजा, सुमिष्ठा मित्रा, विशाल गुप्ता, अरुण कुमार, अभय कुमार, आदित्य सिन्हा, सिम्मी कुमारी, साची द्विवेदी, दिशा गुप्ता, दिव्या सोनकर, देव कुमार, तोशी एवं यश ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का कुशल संचालन पूरन सिंह जीना ने किया। प्रस्तुति के उपरांत सभी कलाकारों को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की अध्यक्षा संगीता आहूजा ने सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## संक्षेप

### बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, हालत गंभीर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घर के बाहर मौरंग समेटते समय एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के कुरसठ ग्रामीण के मजरा वजीर खेड़ा में हुई। वजीर खेड़ा निवासी सत्ती राम (65) पुत्र स्व. हेमनाथ अपने घर के बाहर पड़ी मौरंग को समेट कर किनारे कर रहे थे इसी दौरान, गांव अनवर खेड़ा निवासी तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर आए और उन्होंने सत्ती राम को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सत्ती राम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें अपनी बोलेरो की मदद से मियागंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर पंकज वर्मा उनका उपचार कर रहे हैं।

### मां अन्नपूर्णा धाम में विशाल भंडारे का आयोजन

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम हिन्दू नगर के माँ अन्नपूर्णा धाम का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया । विशाल भंडारे के साथ साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये । श्रद्धालु पूरे समय भकित रूपी गंगा में जमकर डुबकी लगायी । मां अन्नपूर्णा धाम ढकवा हिन्दू नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में प्रातः माँ के मंदिर का भव्य श्रंगार कर हवन पूजन हुआ । उसके बाद कन्या भोज हुआ ।ततपश्चात विशाल भंडारा शुरू हुआ ।जो देर शाम तक चलता रहा । भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । रात में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सुंदर कांड का पाठ व मां का गुणगान किया गया । कार्यक्रम के बीच बीच मे हो रहे मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा । संयोजक विजय बाजपेयी ने आये हुये सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया । इस मौके पर बिमल बाजपेयी , अरुण , अजय बाजपेयी, विजय बाजपेयी , अवधेश गुप्ता , लक्ष्मी शंकर चौरसिया , विजय शंकर ,रचित बाजपेई , सत्यम दीक्षित , अनिल , , राम दीक्षित , मोहित , कनक बाजपेयी ,पारस बाजपेई आदि भक्तगण मौजूद रहे

### कोर्ट के आदेश पर दो साल बाद दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिकंदरपुर कर्ण के पास दिनांक 16 /01/ 2024 को मोटरसाइकिल व ई रिक्शा की आमने-सामने टक्कर में कमलेश कुमार पुत्र मंगल निवासी मानपुर थाना अचलगंज गंभीर रूप से घायल हो गया जहां इलाज के दौरान हैलट अस्पताल कानपुर में मृत्यु हो गई मृत्यु के बाद मृतक का पुत्र अभिषेक ने थाने में तहरीर दिया लेकिन पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत न किए जाने से न्यायालय की शरण ली जहां न्यायालय के आदेश पर ई रिक्शा चालक अनिल साहू पुत्र कल्लू निवासी सराय मजरा खरौली थाना बीघापुर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया न्यायालय के आदेश पर संबंधित थाना बीघापुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।

# मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सोमवार को विकास भवन सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के तहत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन में जनपद स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं समाज और प्रदेश का गौरव हैं, और उनका सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है ।जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में जनपद स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कुल 29 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र के साथ 21-21 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, जनपद के एक छात्र को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिसने प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर उन्नाव का नाम रोशन किया। इस छात्र को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि को छात्र और पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय बताया। समारोह के दौरान, अधिकारियों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने जोर दिया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे। अपने बच्चों को सम्मानित होते देख अभिभावकों के चेहरे पर गर्व की भावना स्पष्ट दिखी। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालयों को दिया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना और अन्य छात्रों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा।

# भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा कूड़ाघर मार्गो के किनारे जमा कचरा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए कूड़ाघर जहां उपयोग के अभाव में खाली पड़े हैं। वहीं नगर की सड़कों और प्रमुख मार्गों के किनारे टनों कचरा जमा होकर दुर्गंध फैला रहा है। इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा वर्षों पूर्व नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर के बाईपास मार्ग के किनारे कूड़ाघरों का निर्माण कराया गया था। इनका मकसद नगर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर उसका वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण करना था।ताकि गंदगी सड़कों पर न फैले और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। नगर के बाईपास के किनारे कूड़ा घर के बाहर बड़े-बड़े कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नगर में मरने वाले पशु भी यहीं दबाए जाते हैं। भीषण गर्मी में इन ढेरों से उठने वाली दुर्गंध से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। बाईपास के आसपास बसे मोहल्लों के नागरिकों का कहना है कि दिनभर बदबू के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का आरोप है कि कचरे के उचित निस्तारण के बजाय कई बार उसमें आग लगा दी जाती है। कचरा जलने से निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास के मोहल्लों में फैल जाता है। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। बुजुर्गों, बच्चों और दमा के मरीजों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी एडवोकेट मुजम्मिल अहमद, मोइन अंसारी व महमूद आलम आदि

नागरिकों ने कहा कि स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर व्यवस्था बदहाल है। नागरिकों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर सड़क किनारे पड़े कचरे को हटवाने, कूड़ाघरों का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराने तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

# घर में घुसकर मारपीट करने का महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौरावां थाना क्षेत्र निवासी बबली ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 मई की सुबह कुछ लोग उसके घर पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी जबरन उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर बबली का पुत्र गोलू तिवारी बीच-बचाव करने पहुंचा, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता का कहना है कि इस घटना में उसे और उसके पुत्र को चोटें आईं। घटना के बाद उसने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी और लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। बबली ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है और न ही उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। इससे उसे न्याय मिलने में कठिनाई हो रही है। उसने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि उसका और उसके पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराया जाए, मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।पीड़िता ने यह भी कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो उसे और उसके परिवार को खतरा हो सकता है। घायल बताए जा रहे गोलू तिवारी ने भी आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की गई और उसे चोटें आईं। उसने भी प्रशासन से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर मौरावां थाना प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित पक्ष के खिलाफ पहले से ही एक महिला द्वारा मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह पक्ष भी मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहा है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिए लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सिकंदरपुर गांव में एक बंद घर में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। इस वारदात के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिकंदरपुर निवासी राम शंकर विमल के घर को चोरों ने देर रात निशाना बनाया। घर बंद होने का फायदा उठाकर चोर अंदर घुसे और लगभग दो लाख रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह घटना का पता चलने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का दावा है कि चोरी से जुड़े कुछ संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए हैं। पुलिस इन फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है ।घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती नशेबाजी और असामाजिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की। उनका आरोप है कि सरोसी से सिकंदरपुर तक देर रात नशेबाजी, शोर-शराबा और हुड़दंग की घटनाएं आम हो गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस बीट की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। ग्रामीणों का मानना है कि यदि नियमित निगरानी और गश्त होती तो ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती थी। गांव के लोगों ने खटई और नांदाखेड़ा के पंचायत घरों पर असामाजिक तत्वों के कब्जे का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ सरकारी भवन संदिग्ध गतिविधियों का केंद्र बन गए हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। पतारी, रुस्तमपुर और सिकंदरपुर क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों के नेटवर्क को लेकर भी ग्रामीणों में चर्चा है ।वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# बारात शाला का विधायक ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम सभा कीरतपुर में बरातशाला का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा क्षेत्रीय विकास को गति देने और ग्रामीण अंचलों में सामाजिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बरातशाला एक महत्वपूर्ण पहल है ।यह बारातशाला ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक, पारिवारिक और सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र साबित होगी। इससे ग्रामीणों को शादी-विवाह, सामुदायिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों के लिए बेहतर एवं सुलभ स्थान उपलब्ध हो सकेगा। विधायक ने कहा कि यह केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार जारी रहेगी और सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामुदायिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नई योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आशीष अवस्थी द्वारा किया गया। समाज कल्याण विभाग की तरफ से बनने वाली इस बरातशाला मे लगभग 17 लाख 80 हजार रुपये खर्च कर आम जनता के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। विधायक ने बरातशाला की बाउंड्री बनवाने के साथ हाई मास्क लगवाने की भी घोषणा की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी, मुन्ना सिंह मंडफहा,प्रधान कीरतपुर अन्नपूर्णा अवस्थी,आशीष अवस्थी उर्फ सानू, बिन्दू अवस्थी, योगेश शंकर अवस्थी,आशू बाजपेयी, प्रदीप पांडेय,नीशू शुक्ला,अनुज बाजपेयी,राघवेंद्र अवस्थी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अपनी मांगों को लेकर पंचायत सहायकों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पंचायत सहायक यूनियन उत्तर प्रदेश के बैनर तले जिले भर के पंचायत सहायकों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को सौंपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश कुमार मिश्र ने किया। प्रदर्शनकारियों ने मानदेय बढ़ाने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल पंचायत सहायकों ने बताया कि उन्हें वर्तमान में मात्र छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई के दौर में बेहद कम है ।उनका कहना था कि इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण और दैनिक जरूरतों का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। पंचायत सहायकों ने सरकार से उन्हें स्थायी करने या न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप मानदेय निर्धारित करने की मांग की। बिछिया ब्लॉक के पंचायत सहायक बृजेंद्र पाल ने जानकारी दी कि पंचायत सहायकों से विभिन्न विभागों के ऑनलाइन कार्य कराए जाते हैं, लेकिन इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते। उन्होंने बताया कि अधिकांश कार्य मोबाइल आधारित हैं, फिर भी विभाग की ओर से पंचायत सहायकों को मोबाइल या अन्य तकनीकी सुविधाएं नहीं मिलतीं ।ऐसे में उन्हें निजी संसाधनों का उपयोग कर कार्य करना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि कई बार उनका मानदेय छह से सात माह तक रोक दिया जाता है, जबकि उनसे लगातार कार्य लिया जाता है। साथ ही, अधिकारियों द्वारा काम न करने पर हटाने की चेतावनी और नोटिस जारी किए जाने का दबाव भी बनाया जाता है। इस स्थिति में पंचायत सहायकों को बिना मानदेय प्राप्त किए भी कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचायत सहायकों ने घोषणा की कि वे तत्काल प्रभाव से पंचायतों से संबंधित मोबाइल आधारित कार्य बंद कर देंगे। आधारित एवं अन्य ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अनिश्चितकाल तक लागू रहेगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 15 जून को लखनऊ स्थित ईको गार्डन में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।


# फांसी के फंदे पर लटकता मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भारत खेड़ा गांव में सोमवार सुबह गांव से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक बाग में एक युवक का शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतक पेशे से मजदूर था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।अजगैन के भारत खेड़ा गांव निवासी पंकज (35) पुत्र चंद्रपाल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार की सुबह गांव के ही रामबरन की बाग में लोगों ने पंकज का शव एक आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता हुआ देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। पंकज ने करीब 14 साल पहले गांव की ही रहने वाली रीना से प्रेम विवाह किया था। इस शादी से पंकज के घरवाले नाराज थे, जिसके चलते वह परिवार से अलग गांव में ही एक अपना अलग घर बनाकर पत्नी के साथ रहने लगा था। मृतक की चार बेटियां हैं घटना के समय उसकी पत्नी रीना अपनी तीन छोटी बेटियों के साथ किसी रिश्तेदारी में गई हुई थी, जबकि सबसे बड़ी बेटी घर पर ही थी। पति की मौत की सूचना पर रीना घर पहुंची। बेटे की मौत से मां सरोजनी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है मृतक मानसिक रूप से बीमार था आत्महत्या का अन्य कोई कारण सामने नही आया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना आसीवन क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी अर्पित शुक्ला 21 वर्ष पुत्र रधौल शुक्ला उर्फ उमेश चंद्र रविवार को अपने छोटे भाई आर्यन शुक्ला को कानपुर रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। भाई को स्टेशन पर छोड़ने के बाद वह अपने दोस्त रजत सिंह निवासी ग्राम कमलापुर के साथ बाइक से वापस घर लौट रहे थे ।परिजनों के अनुसार, रात करीब 11:30 बजे जब दोनों युवक थाना माखी क्षेत्र स्थित परशुराम पैलेस चकलवंशी के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्पित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने अर्पित को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल रजत सिंह का उपचार जारी है। मृतक अर्पित तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। परिवार में एक छोटा भाई आर्यन शुक्ला और एक बहन है ।घटना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष ने पेश की मिशाल बने गरीबों का सहारा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने जून माह के प्रथम दिन में अपना 190 वा निशुल्क भोजन वितरण पूर्ण कर लिया है बता दें संस्था द्वारा लगातार साढ़े तीन वर्षों से अधिक समय से यह सेवा जनपद उन्नाव में बिना किसी स्वार्थ के संचालित है सेवा में सम्पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ प्रत्येक सप्ताह के सोमवार में 200 से अधिक जरूरतमंदों को भरपेट भोजन दिया जाता है इस भोजन में कभी छोला चावल ,कढ़ी चावल,मिक्स दाल चावल ,छाछ, लस्सी , लड्डू ,रसगुल्ले ,इत्यादि तरह तरह के पौष्टिक व्यंजन बांटे जाते हैं सेवा के मुख्य सूत्रधार शहर के निवासी युवा समाजसेवी चेतन मिश्रा के द्वारा किया जाता है, मासिक सहयोगी , संस्था के सेवक से लेकर जनपद के सभी सम्मानित व्यक्तियों द्वारा सेवा में सहयोग शामिल रहता है जिसकी पारदर्शिता संस्था की पहचान के रूप में होती है इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा रक्त दान सेवा भी जारी रहती है बिना किसी भेदभाव के चेतन मिश्रा रक्तदानियों के माध्यम से जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाते हैं और उनको जीवन दान देने में सहायक बनते हैं अभी तक संस्था के द्वारा सैंकड़ों लोगों को रक्त दिलवाया जा चुका है साथ ही संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा का कहना है इस संस्था का प्रत्येक व्यक्ति इस संस्था का स्तंभ है बिना किसी के सहयोग से कोई भी सेवा कार्य संभव होना असंभव सामान है अभी तक सभी के साथ मिलकर चेतन ने सैंकड़ों बेजुबानों को खाना ,सड़को पर बेसहारा लोगों का सहारा बनना, वृद्धा आश्रम सेवा,दिव्यांग बच्चों की सेवा, के साथ साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित की है कार्यक्रम में , बैसवारा कल्याण समिति के महामंत्री हरि ओम सिंह , फौजी अजय द्विवेदी ,फौजी संजय सिंह ,फौजी सतीश बाजपेई, फौजी संजय कुशवाहा , अध्यापक अंबुज मिश्रा, इंजीनियर रवि नारायण वर्मा, आईटी क्षेत्र में कार्यगत हरदेवेंद्र सहाय ,मनोज,राकेश, और महिला मोर्चा से नीतू तिवारी ,रेनू वर्मा,सरिता शुक्ला सहित अन्य कई लोग शामिल रहे

## शादी की सालगिरह मनाने आये युवक से मारपीट मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर पावर हाउस के आवास में शादी की सालगिरह मनाने आये युवक से नशे में धुत लाइन मैनों ने गाली गलौज के बाद मारपीट की। पीडित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि पीडित युवक की तहरीर पर नामजद आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।रायबरेली जनपद के डलमऊ थाना क्षेत्र के सोमवापुर पखरौली निवासी सर्वेन्द पुत्र सतेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार की देर शायं भगवंतनगर पावर हाउस के आवास पर रहने वाले लाइनमैन हरेन्द्र मोहन पुत्र धर्मेन्द्र निवासी जसवंतखेडा भगवंतनगर के यहां शादी सालगिरह समारोह में आया था। तभी वहां मौजूद नशे में धुत लाइनमैन विपिन पुत्र रमेश और अश्वनी महिलाओं के खाना खाते समय अभद्रता भरे शब्द बोलने लगे। विरोध करने पर दोनो लाइन मैन आपा खो बैठे और लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है नामजद दोनो आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बृहद गौ संरक्षण केंद्र पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सोमवार को कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र अमरेथा में कार्यक्रम आयोजित कर गौवंशों की विशेष सेवा की गई। इस दौरान गौशाला में मौजूद गायों को नहलाया गया तथा उन्हें गुड़-चना खिलाया गया। साथ ही हरे चारे और भूसे की व्यवस्था भी कराई गई ।कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी नवाबगंज डॉ राजेश कुमार मौर्य तथा ग्राम प्रधान अमरेथा भोला राजपूत के साथ गौवंशों के रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गौवंशों के लिए चारा, पानी और उपचार संबंधी सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान गौ संरक्षण केंद्र में कुल 451 गौवंश मौजूद मिले। अधिकारियों ने उनके स्वास्थ्य एवं देखभाल की स्थिति का भी अवलोकन किया ।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भोला राजपूत, पशु चिकित्सालय का स्टाफ डॉ अंकुर सिंह, सुजाता प्रियदर्शिनी गौतम, राहुल कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गुगल मैप की सूचना से भ्रमित कार हुई दुर्घटना का शिकार बाल बाल बचे सवार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तीर्थ यात्रा कर लौट रही एक परिवार की कार गूगल मैप की सूचना से भ्रमित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई गनीमत रही सवार चार लोगों को मामूली चोट आई है। चालक रवी कुमार शर्मा पुत्र महेश चंद शर्मा निवासी गांव चक भाजुपुरा बस्सी थाना मनोहरपुरा जनपद जयपुर राजस्थान अपने ही गृह जनपद के निवासी अरविंद शर्मा पुत्र संजय, हर्ष शर्मा पुत्र सुशील कुमार व कार्तिक शर्मा पुत्र गोपाल चारों लोग कार द्वारा काशी विश्वनाथ, प्रयागराज आदि सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर गंगा एक्सप्रेस वे से वापस लौट रहे थे इंटरचेंज से उतर कर आगरा एक्सप्रेस वे से जयपुर जाते समय रविवार की मध्य रात करीब उनकी कार में ईंधन कम हो गया तो उन्होंने गूगल मैप का सहारा लिया चालक ने बताया है कि मैप से बेहटा मुजावर क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास हवाई पट्टी के निकट उन्हें सी एन जी पेट्रोल पंप का रास्ता दिखा तो उन्होंने हवाई पट्टी स्थित इमरजेंसी कट से कार नीचे मोड़ दी किंतु रास्ता बंद होने के कारण उनकी कार अचानक रोकने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गई इस हादसे में सवार चारों लोग मामूली घायल हुए है घटना की सूचना पर यूपीडा टीम ने घटनास्थल पर रेस्क्यू किया। गौरतलब हो बांगरमऊ क्षेत्र में कोई सी एन जी पेट्रोल पंप नहीं है इस दशा में अनुमान है कि मल्लावां क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप का रास्ता मैप में देखकर कार सवार इमरजेंसी कट से नीचे उतरने के प्रयास में हादसे का शिकार हो गए ।यह भी ज्ञात रहे हवाई पट्टी के दोनों मुहाने पर इमरजेंसी कट बना हुआ जो हवाई पट्टी उपयोग के दौरान ही खोला जाता है अन्यथा की स्थिति में यह कट हमेशा बंद ही रहता है ।

## सीएचसी परिसर में सर्विलांस कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। एक्यूट फ्लैसिड पैरालिसिस, वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज केसों का समय पर चिन्हीकरण और रिपोर्टिंग के लिए सोमवार को हाईवे स्थित सीएचसी में सर्विलांस कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चिकित्सकों, फार्मासिस्टों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। डब्ल्यूएचओ सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ श्वेतांशु सक्सेना ने बताया कि एएफपी सर्विलांस पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस समेत अन्य वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली बीमारियों के मामलों की समयबद्ध पहचान और रिपोर्टिंग से प्रभावी नियंत्रण संभव है। सीएचसी अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने तथा शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा, डॉ सिद्धार्थ आनंद, डॉ वसीम अहमद, डॉ अक्षय सिंह, फार्मासिस्ट विजय कुमार, कुसुम यादव, प्रशांत दीक्षित, बीपीएम मलखान सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# खेलों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत

खेलों में राजनीति कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह इस हद तक बढ़ जाए कि खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए कोर्ट तक जाना पड़े तो यह किसी भी देश के लिए ठीक नहीं है। हालांकि, यह स्थिति खिलाड़ियों और राजनेताओं दोनों के लिए ही खतरनाक है। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गंभीर असर पड़ता है, वहीं राजनीति पर भी सवाल उठते हैं। ऐसे में जरूरी है कि खेलों को राजनीति से दूर रखा जाए, तभी खेलों का विकास संभव हो सकेगा। देखने में आया है कि खेल जगत में पिछले कुछ वर्षों में जितनी चर्चा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की नहीं हुई, उससे कहीं अधिक विवादों, धरनों, अदालतों और राजनीतिक बयानबाजी की हुई है। ओलंपियन विनेश फोगाट को एशियन गेम्स ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला इसी व्यापक संकट के बीच आया है। अदालत ने जहां खिलाड़ी के अधिकारों का सम्मान किया, वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि "देश सबसे पहले" और खेल व्यवस्था की निष्पक्षता सर्वोपरि है। अब बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय खेलों का वातावरण इस हद तक विवादित क्यों हो गया कि खिलाड़ियों को अपने अधिकारों के लिए सड़क से अदालत तक लड़ाई लड़नी पड़ रही है। खेल मैदानों में अब प्रदर्शन से अधिक चर्चा संघों की राजनीति, गुटबाजी और सत्ता संघर्ष की होने लगी है। विनेश फोगाट भारतीय महिला कुश्ती का बड़ा चेहरा रही हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को गौरव दिलाया है। पिछले कुछ वर्षों में उनका नाम खेल उपलब्धियों से ज्यादा विवादों के संदर्भ में सामने आया। भारतीय कुश्ती महासंघ और खिलाड़ियों के बीच टकराव, धरने-प्रदर्शन, आरोप-प्रत्यारोप और फिर कानूनी लड़ाइयों ने यह दिखाया कि खेल प्रशासन में भरोसे का संकट गहराता जा रहा है। खिलाड़ी ध्यान रखें कि वे किसी विचारधारा या राजनीतिक समूह के प्रतीक न बनें और अपने खेल पर ध्यान दें। राजनेताओं की भूमिका खेलों के विकास तक सीमित रहनी चाहिए। जब खिलाड़ी राजनीतिक लाभ का माध्यम बनने लगते हैं, तब खेल का मूल उद्देश्य पीछे छूट जाता है। यह स्थिति खिलाड़ियों के लिए भी उतनी ही नुकसानदायक है, जितनी खेल संस्थाओं के लिए। हालांकि, केवल राजनेताओं को दोष देना पर्याप्त नहीं होगा। खेल संघों और प्रशासकों की जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। भारतीय कुश्ती महासंघ जैसे संगठनों पर समय-समय पर पारदर्शिता की कमी, पक्षपात और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यदि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष और विश्वसनीय होती, तो शायद विवाद अदालत तक नहीं पहुंचते। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की निगरानी का निर्देश इसी भरोसे को बहाल करने की कोशिश है। अदालत का यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि किसी एक खिलाड़ी के कारण पूरे चयन कार्यक्रम को बाधित नहीं किया जा सकता। खेलों में नियम और प्रक्रिया सभी के लिए समान होनी चाहिए। चयन का आधार केवल प्रदर्शन होना चाहिए, न कि प्रभाव, लोकप्रियता या राजनीतिक समर्थन। यदि खिलाड़ी लगातार विवादों और असुरक्षा के माहौल में रहेंगे, तो इसका सीधा असर देश के प्रदर्शन पर पड़ेगा। विनेश फोगाट प्रकरण से सबसे बड़ा सबक यही निकलता है कि खेलों को अदालतों और राजनीतिक मंचों से निकालकर फिर से मैदान तक लाना होगा। खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करें, किसी दल या विचारधारा का नहीं। जब खेल राजनीति से मुक्त होंगे, तभी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी और देश को वास्तविक गौरव मिलेगा।



व्यवस्था

कांतिलाल मांडोत

# तकनीकी क्रांति से बदलेगा खाद्य सुरक्षा तंत्र

सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया फैसला देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। इस योजना के माध्यम से देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

सरकार इस योजना पर लगभग 25 हजार 530 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है, जो यह दर्शाता है कि गरीब और जरूरतमंद वर्ग तक सही तरीके से राशन पहुंचाने को लेकर केंद्र सरकार कितनी गंभीर है। भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली लंबे समय से गरीबों के लिए जीवनरेखा मानी जाती रही है। करोड़ों परिवार हर महीने मिलने वाले राशन पर निर्भर रहते हैं। वर्षों से इस व्यवस्था में कई प्रकार की समस्याएं सामने आती रही हैं, जिनमें फर्जी राशन कार्ड बिचौलियों की भूमिका वितरण में गड़बड़ी और अनाज की चोरी जैसी शिकायतें प्रमुख रही हैं। कई राज्यों में यह भी देखा गया कि वास्तविक लाभार्थियों तक पूरा राशन नहीं पहुंच पा रहा था, जबकि कई अपात्र लोग इसका फायदा उठा रहे थे। ऐसे में केंद्र सरकार ने इस पूरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सार्थक पीडीएस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसका डिजिटल और एआई आधारित ढांचा है। सरकार अब लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग करेगी। इससे फर्जी राशन कार्डों की पहचान आसान होगी और वास्तविक लाभार्थियों तक राशन पहुंचाने में मदद मिलेगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को दोहरा लाभ न मिले और हर पात्र परिवार को उसका अधिकार समय पर प्राप्त हो सके। यह व्यवस्था पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ साथ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाने में सहायक साबित होगी। आज के दौर में तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि प्रशासनिक सुधार का सबसे मजबूत आधार बन चुकी है। बैंकिंग स्वास्थ्य शिक्षा और परिवहन की तरह अब राशन व्यवस्था भी तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है। सरकार का प्रयास है कि पीडीएस प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाकर इसे अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जाए। इससे लाभार्थियों को राशन लेने में कम परेशानी होगी और अधिकारियों के लिए निगरानी करना आसान हो जाएगा। आने वाले समय में लाभार्थियों का पूरा डेटा डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा, जिससे योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी। इस योजना का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों को मिलने वाली आर्थिक सहायता है। अभी तक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से अनाज को जिलों और राशन दुकानों तक पहुंचाने में राज्य सरकारों को भारी खर्च उठाना पड़ता था। कई राज्यों ने इस संबंध में आर्थिक बोझ की समस्या भी उठाई



थी। अब केंद्र सरकार ने इस परिवहन और वितरण व्यवस्था में राज्यों को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। इससे राज्यों को राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई बार परिवहन व्यवस्था में देरी या संसाधनों की कमी के कारण राशन समय पर दुकानों तक नहीं पहुंच पाता था। नई व्यवस्था से वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुचारु बनने की उम्मीद है। राशन डीलरों के कमीशन में बढ़ोतरी का फैसला भी इस योजना का अहम हिस्सा है। देशभर में लाखों राशन डीलर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रीढ़ माने जाते हैं। लंबे समय से वे अपने कमीशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे क्योंकि बढ़ती महंगाई और संचालन खर्च के बीच पुराने कमीशन में दुकानों का संचालन कठिन हो रहा था। सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए कमीशन बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे राशन डीलरों को आर्थिक राहत मिलेगी और वे अधिक जिम्मेदारी तथा ईमानदारी के साथ काम कर सकेंगे। जब किसी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों और डीलरों को उचित आर्थिक सहयोग मिलता है तो व्यवस्था की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। यह योजना केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा कदम है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बड़ी आबादी अभी भी आर्थिक रूप से कमजोर है वहां सस्ती दरों पर मिलने वाला राशन करोड़ों परिवारों के लिए जीवन का आधार है। कोविड महामारी के दौरान देश ने देखा कि मुफ्त राशन योजना ने गरीबों को संकट से बचाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे में राशन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा मजबूत बनाना समय की बड़ी जरूरत थी। सार्थक पीडीएस योजना इसी दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। सरकार का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से भ्रष्टाचार में कमी आएगी और खाद्यान्न की चोरी पर रोक लगेगी। कई बार शिकायतें आती थीं कि लाभार्थियों के नाम पर राशन उठाकर बाजार में बेच दिया जाता था। जब पूरी व्यवस्था ऑनलाइन निगरानी से जुड़ जाएगी, तब हर चरण की जानकारी रिकॉर्ड में रहेगी। इससे अनाज की आवाजाही से लेकर वितरण तक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सकेगी। पारदर्शिता बढ़ने से जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से सरकार पहले ही कई सेवाओं को ऑनलाइन कर चुकी है। अब राशन व्यवस्था को भी इसी दिशा में ले जाने का प्रयास हो रहा है। आने वाले वर्षों में यह योजना देश की सबसे आधुनिक और प्रभावी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के रूप में विकसित हो सकती है। कैबिनेट बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को पूरी गंभीरता और राष्ट्रहित की भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य केवल राशन बांटना नहीं बल्कि गरीबों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना भी है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। तकनीक आधारित यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। सरकार का यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

दिवस विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# हिन्दी पत्रकारिता कल, आज और कल

भारतवर्ष में पत्रकारिता का अनुभव सदियों पूर्व किया जाता रहा है। किसी न किसी रूप में सनातन काल से कलम साधना की परम्परा सर्वश्रेष्ठ रही है। आज हम जो कुछ भी पढ़ते हैं, लिखते हैं, सुनते हैं, सबकुछ कलम साधना का ही प्रतिफल है। कलम न होती तो शायद संसार में ज्ञान का अस्तित्व ही न होता। 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिन्दी का पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन हुआ था। भारत में जब आधुनिक पत्रकारिता प्रारंभ हुई, तब हमारे पूर्वजों ने इसके लिए दैवीय अधिष्ठान की खोज प्रारंभ कर दी। उनकी वह तलाश तीनों लोक में भ्रमण करने वाले और कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले देवर्षि नारद पर जाकर पूरी हुई। 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के लिए संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने देवर्षि नारद जयंती 30 मई, 1826 की तिथि का ही चयन किया। देवर्षि नारद इस पत्रकारिता जगत के आदि पुरुष माने गए हैं। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। 30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित उदन्त मार्तण्ड को हिन्दी पत्रकारिता का प्रथम प्रकाशन माना जाता है। 'उदन्त मार्तण्ड' का शाब्दिक अर्थ है 'उगता हुआ सूर्य'। यह एक साप्ताहिक समाचार पत्र था जो प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था। 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस, हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली परंपरा को सहेजने का अवसर है। इस तरह चलते-चलते 30 मई 1826 को हिन्दी पत्रकारिता का उदय हुआ। पं. युगल किशोर शुक्ल इस समाचार पत्र के सम्पादक थे, जो सम्भवतः हिन्दी पत्रकारिता के पहले सम्पादक थे। हालांकि आर्थिक कठिनाइयों के चलते 11 दिसम्बर 1827 को यह समाचार पत्र बंद हो गया था, लेकिन हिन्दी पत्रकारिता ने इस दौर से धीरे-धीरे जो तेजी पकड़ी, वह अब तक अनवरत जारी है। हिंदी पत्रकारिता ने लोगों को जागरूक करने, समाज को सही दिशा देने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज़ादी की लड़ाई में हिंदी समाचार पत्रों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने और देशभक्ति की भावना जगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1920 से 1947 तक गांधी युग के समय में समाचार पत्रों की बाढ़ सी आ गयी। महात्मा गांधी ने कहा था कि पत्रकारिता का पहले उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को समझना, उनमें वांछनीय उद्देश्यों को जागृत करना और सार्वजनिक दोषों को निर्भीकतापूर्वक प्रकट करना है अर्थात समाज को बदलना ही पत्रकारिता का मुख्य दायित्व है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पत्रकारिता अपने दायित्वबोध से भावी पीढ़ी के लिए आदर्श स्थापित कर पाएगी। अंग्रेजों की दासता में बर्बादी और अपमान झेलते भारत की दुर्दशा के कारणों की पहचान भारतेंदु काल से ही शुरू हो गई थी, इसे राजनीतिक और सांस्कृतिक सरोकारों से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गहराई से जोड़ दिया। हिंदी साहित्य से जुड़े व्यक्तियों का हिंदी पत्रकारिता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे तत्कालीन अख़बारों ने शिद्दत से निभाया। उस समय पत्रकारिता एक 'मिशन' थी लेकिन समय के साथ- साथ मिशन 'प्रोफेशन' में तब्दील हो गया। जैसे-जैसे सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन आता गया, पत्रकारिता भी उससे प्रभावित होती गई। अखबार अब सिर्फ खबरों को जानने का साधन नहीं रहे बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कारण खबरें बनाने भी लगे, क्योंकि चौबीस घंटे चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज चलाए जाने लगे। व्यवसायिकता और टी.आर.पी. की अंधी दौड़ ने पत्रकारिता के मूल्यों को बदल कर रख दिया। 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार भारत में डिजिटल मीडिया बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें क्षेत्रीय भाषा कंटेंट खासकर हिन्दी का बड़ा योगदान है। इधर हिन्दी ने अंग्रेजी मीडिया के दबदबे को काफी हद तक चुनौती दी है क्योंकि इस दौर में हिंदी बाज़ार की भाषा बन चुकी है। मूर्धन्य संपादक शिवपूजन सहाय ने एक बार कहा था कि भारत की साधारण जनता तक पहुंचने के लिए दैनिक पत्र ही सर्वोत्तम साधन है। देश-देशांतर के समाचारों के साथ भाषा और साहित्य का संदेश भी दैनिक पत्रों द्वारा आसानी से जनता तक पहुंचा सकते हैं और पहुंचाते आए हैं।

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी तकनीक**

शुरुआत दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है। -समीर पाठक, गरियाबंद

## ट्रेंड

**स्मृति पुस्तक**



ऑपरेशन सिंदूर पर जारी स्मृति पुस्तक ऐतिहासिक विवरण से कहीं आगे बढ़कर हमारे वीर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को समेटे हुए है और आधुनिक युद्ध के मानवीय पहलू की झलक प्रस्तुत करती है।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

**बसों में मुफ्त यात्रा**



21 जून को नीट परीक्षा मे शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सहायता के लिए, दिल्ली सरकार वैध एडमिट कार्ड दिखाने पर सभी डीटीसी बसों मे मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। किसी भी छात्र को ऐसे दिन असुविध नहीं होनी चाहिए, जो उनके भविष्य के लिए इतना महत्वपूर्ण है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**संस्कृति पर गर्व**



मै एक स्वयंसेवक और भाजपा कार्यकर्ता हूँ, इसीलिए मुझे असम मे यूसीसी लागू करने का साहस मिला है। इसी विचारधारा ने हमें अपनी 5000 वर्षों की गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति पर गर्व करना सिखाया है।
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

**बेईमानी की चाशनी**



भाजपा शासन मे, सुबह पुल गिरने की खबर आती है, दोपहर तक रेलवे स्टेशन का शेड गिरने की खबर फैल जाती है, और शाम तक गंगा एक्सप्रेसवे मे दरारें सुर्खियों मे छा जाती है। भाजपा के भ्रष्टाचार की कड़वी जलेबी, बेईमानी की चाशनी मे डूबी हुई, अब सहन नहीं की जा सकती।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के अंतिम घर पर फिर बहस

हॉलीवुड अभिनेत्री मर्लिन मुनरो की महज 36 वर्ष की आयु में हुई असमय मृत्यु लंबे समय से रहस्य और चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी मौत को लेकर अनेक तरह की कथाएं और अटकलें दशकों से चर्चा में रही हैं। मुनरो अपने अंतिम घर में केवल छह महीने रहीं, लेकिन जिस घर में उनकी मृत्यु हुई, वह अब प्रशंसकों के लिए लगभग तीर्थस्थल जैसा बन गया है। यह स्थिति वैसी ही है जैसी लॉस एंजिलिस स्थित उनके स्मारक वेस्टवुड विलेज मेमोरियल पार्क की है। इस आकर्षण घर का व्यावहारिक असर भी देखने को मिला है। इस वर्ष घर के मौजूदा मालिकों ने 'सिटी ऑफ लॉस एंजिलिस' के खिलाफ मुकदमा दायर किया।



## ऑफ बीट

### क्या इंसानों के जीवित नहीं रहने का कारण डायनासोर थे

सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी।



## संक्षेप

### मजदूर की बेटी को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा

**अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत, दवा लेकर घर लौट रही थी घर**

अमेठी , कमरौली थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवती की मौत हो गई। वह दवा लेकर घर लौट रही थी, तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल सीमा ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे पूरे ठाकुर दुबे ( पलिया पश्चिम ) गांव के पास हुई। सीमा पलिया पश्चिम चौराहे से साइकिल पर दवा लेकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से सीमा को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। मृतका सीमा के पिता तिलक राम मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमा के परिवार में दो छोटे भाई प्रियांशु ( 6 वर्ष ) और हिमांश ( 4 वर्ष ) के साथ दो बहनें लक्ष्मी ( 16 वर्ष ) और लाजो ( 11 वर्ष ) हैं। यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। कमरौली थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत ( तहरीर ) प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**जिला अस्पताल में इलाज जारी, डॉक्टरों ने किया प्राथमिक उपचार**

अमेठी ,एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव की है। जानकारी के अनुसार, राजेश पुत्र हरिश्चंद ने बीती रात किसी बात से नाराज होकर चूहे मारने की दवा खा ली थी। जहरीला पदार्थ खाने के कुछ ही देर बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। युवक की तबीयत खराब होते देख परिजनों में हड़कंप मच गया और वे उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार दिया। बेहतर इलाज के लिए उसे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। उन्होंने पुष्टि की कि अस्पताल में युवक का प्राथमिक उपचार किया गया है और उसे आगे की चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल, युवक की हालत पर डॉक्टरों द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# भतीजे की कोर्ट मैरिज के 12वें दिन चाचा का मर्डर

**प्रयागराज में रात में चली पंचायत, तड़के मारा; भतीजे के ससुर पर आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,प्रयागराज में भतीजे की कोर्ट मैरिज का विवाद खूनी हो गया। 12 दिन से चल रहे तनाव के बीच सोमवार तड़के उसके चाचा तिलकधारी (55) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। परिजन का आरोप है कि भतीजे के ससुर ने सोते समय सिर पर चापड़ से वार कर मौत के घाट उतार दिया। रविवार को रातभर विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत चली थी, लेकिन असफल रही। इस दौरान मसला खत्म होने की बजाय और बढ़ गया था। वारदात के बाद से हत्यारोपी फरार है। पुलिस ने मृतक के परिजन की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घूरपुर थाना क्षेत्र के डेरा चकिया गांव निवासी तिलकधारी गांव में खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, पांच बेटियां और दो बेटे हैं।

पुलिस के अनुसार, 20 मई को गांव निवासी गंगा प्रसाद की बेटी सुहानी, तिलकधारी के भाई अर्जुन के बेटे शिवम के साथ चली गई थी। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया था और कई बार विवाद की स्थिति बनी। हालांकि गांव के लोगों और रिश्तेदारों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें भी चल रही थीं, लेकिन मनमुटाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था।

#### रात 10 बजे शुरू हुई बातचीत, दो घंटे तक चला विवाद

रविवार रात करीब 10 बजे गंगा प्रसाद, तिलकधारी के घर पहुंचा। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने को लेकर बातचीत शुरू हुई। परिजन के मुताबिक करीब दो घंटे तक चली चर्चा के दौरान माहौल फिर गर्म हो गया और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद के बाद गंगा प्रसाद वहां से चला गया, लेकिन जाते समय तिलकधारी को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर गया था।

#### तड़के 2 बजे घर पहुंचकर हमले का आरोप

मृतक की बेटी शीतल के अनुसार, सोमवार तड़के करीब 2 बजे गंगा प्रसाद दोबारा उनके घर पहुंचा और चापड़ से तिलकधारी के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल तिलकधारी को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

#### आरोपी की तलाश में दबिश

सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि चकिया गांव में मारपीट की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया है कि गांव निवासी गंगा प्रसाद ने तिलकधारी पर धारदार हथियार से हमला किया था।

# अधिवक्ता को तेज रफ्तार सफारी ने कुचला, मौत

**बाइक से घर लौट रहे थे, 24 घंटे बाद भी आरोपी पकड़ से दूर**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , हुए दर्दनाक सड़क हादसे में हाईकोर्ट के अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव (32) की मौत हो गई। तेज रफ्तार सफारी कार ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी। फिर उन्हें कुचलते हुए निकल गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। धर्मेंद्र की शादी महज 26 दिन पहले 5 मई को हुई थी।मूल रूप से वाराणसी के धरसौना, चोलापुर निवासी धर्मेंद्र यादव पिछले पांच वर्षों से अल्लापुर में रहकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत कर रहे थे। शनिवार रात वह सिविल लाइंस क्षेत्र से बाइक से अपने कमरे लौट रहे थे। कर्नलगंज में गोबर गली के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार सफारी कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कुचलकर भागा चालक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि धर्मेंद्र बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे। आरोप है कि इसके बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय उन्हें कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धर्मेंद्र के परिवार में अभी शादी की खुशियां थीं। उनकी शादी 5 मई को हुई थी और घर में उत्सव का माहौल बना हुआ था। अचानक हुए हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। धर्मेंद्र चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे।

#### वाराणसी से लौटे थे प्रयागराज

मृतक के भाई जितेंद्र यादव ने बताया कि धर्मेंद्र शनिवार को किसी काम से वाराणसी कचहरी गए थे और शाम को ही प्रयागराज लौटे थे। रात में कमरे पर जाते समय हादसा हो गया। इस हादसे में कर्नलगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। थाना प्रभारी संजय सिंह यादव का कहना है कि आरोपी ड्राइवर और सफारी को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# युवक पर जानलेवा हमला

**सामान लेने गए युवक पर लात घूंसों-रॉड से हमला, वारदात सीसीटीवी में कैद**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , देर शाम घर का सामान लेने चौराहे की दुकान पर गए एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडा और रॉड से उस पर वार किया और घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। यह पूरी वारदात चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरेगंगू गड़ेरी गांव की है। गांव निवासी ओम प्रकाश पांडेय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा आदर्श पांडेय शाम को चौराहे पर घर का सामान लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद अनन्त तिवारी, अवनीश तिवारी, अंशू गौतम, विशाल, दीपक विश्वकर्मा, करुणा शंकर तिवारी और दो अज्ञात लोगों ने आदर्श पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने लात घूंसों और रॉड से आदर्श पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरेराह हुई इस घटना को देखकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों को इकट्ठा होते देख, आरोपी आदर्श को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल आदर्श को उसके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

# जमीन विवाद में पूर्व नप अध्यक्ष समेत कई घायल

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का लगाया आरोप, बाउंड्री गिराने पर हुआ झगड़ा**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,जमीन विवाद को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और सपा नेता सै रहमान उर्फ मानू तथा उनके पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में पूर्व नप अध्यक्ष समेत कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली नगर में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला कोतवाली नगर के जमाल गेट खैराबाद क्षेत्र का है। सै रहमान के पुत्र अधिवक्ता सैयद मोहम्मद अफ़्फ़ान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे कचहरी जा रहे थे, तब उन्होंने अपने घर के पास कुछ लोगों को उनकी दीवार गिराते देखा। अफ़्फ़ान ने आरोप लगाया कि रशीद अहमद, निसार अहमद उर्फ आसिफ, इकबाल अहमद उर्फ गुड्डू और चार अन्य अज्ञात लोगों ने विरोध करने पर उन्हें घेर लिया और लात-घूंसों से पीटा। अफ़्फ़ान के अनुसार, उनकी चीख-पुकार सुनकर जब उनके पिता सै रहमान उन्हें बचाने दौड़े, तो हमलावरों ने बुजुर्ग पिता को भी लात-घूंसों और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। इस मारपीट में पिता-पुत्र दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने हमलावरों को दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए कोतवाली नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, दूसरे पक्ष से इकबाल अहमद पुत्र रशीद अहमद ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके पुस्तैनी मकान के आगे बनी एक बाउंड्रीवॉल को शनिवार को मोहल्ले के सैयद रहमान उर्फ मानू, सैयद अफ्फान, सदफ मोहम्मद उर्फ पिन्नू, गुफरान और जिलदार हुसैन समेत पांच-छह अज्ञात लोगों ने अचानक ढहा दिया।इकबाल अहमद ने बताया कि जब उन्होंने और उनके भाई निसार अहमद ने इस कार्रवाई का विरोध किया।

# कच्ची दीवार ढहने से मजदूर की मौत

**जर्जर दीवार गिराते समय हुआ हादसा, ग्रामीणों ने शव बाहर निकाला**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,बल्दीराय थाना क्षेत्र के नटौली गांव में दोपहर एक दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। वह एक कच्ची दीवार गिरा रहा था, तभी अचानक दीवार ढह गई और वह उसके मलबे में दब गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नटौली गांव निवासी रामजग (40) पुत्र रामबली गांव के ही एक व्यक्ति के घर पर मजदूरी कर रहा था। वह कच्ची दीवार गिराने का काम कर रहा था। इसी दौरान जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे रामजग उसके मलबे में दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद रामजग को मलबे से बाहर निकाला। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजग को मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। रोजी-रोटी की तलाश में मजदूरी कर रहे रामजग की अचानक हुई मौत ने परिवार के सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है।

# बिना हेलमेट चलने वालों को बांटे हेलमेट

**खानापुर चपरा में यमराज बनकर दी चेतावनी, सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट्स और शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों तथा सड़क पर सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी कार्यक्रम संयोजक एवं क्रीड़ा सह स्काउट प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि अभियान के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे लोगों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही उन्हें हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील भी की गई। अभियान का आकर्षण विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश सिंह रहे, जिन्होंने यमराज की वेशभूषा धारण कर लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सावधान रहने का संदेश दिया। उनका यह अंदाज लोगों को काफी प्रभावशाली और रोचक लगा। विद्यालय परिवार ने यह अभियान शंकरगंज, मोहनगंज और तिलोई क्षेत्र में चलाया। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। क्षेत्रवासियों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट्स के अलावा उप प्रधानाचार्य हिमांशु मिश्र, पीजीटी गणित धनंजय उपाध्याय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# 'मेरे पति ने किन्नर से शादी कर ली'

**अलीगढ़ में पत्नी बोली- दहेज के लिए मुझे बेरहमी से पीटा, प्रेग्नेंट होने के बाद भी घर से निकाला**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, दहेज के लिए गर्भवती महिला के साथ पति और ससुराल के लोगों ने मारपीट की। महिला का आरोप है कि मारपीट करने के बाद ससुराल वालों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने कहा- पति ने नशीला पदार्थ खिलाकर धोखे से एक किन्नर से दूसरी शादी भी कर ली। पति अब उस किन्नर को पत्नी की तरह अपने साथ रख रहा है। विरोध करने पर मुझे गंदी-गंदी गालियां देते और मारपीट करता पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसका स्त्रीधन और शादी में दिया गया सामान भी हड़प लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला गांधीपार्क थाना क्षेत्र का है।

#### शादी में 10 लाख रुपए खर्च हुए थे

गांधीपार्क थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शाम को पुलिस तहरीर दी। इसमें महिला ने बताया- मेरी शादी 25 नवंबर 2021 को गांधीपार्क थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कॉलोनी में रहने वाले सोनू कुमार से हुई थी। शादी में मेरे घरवालों ने करीब 10 लाख रुपए खर्च किए थे सोने-चांदी के गहने, बाइक, एलसीडी टीवी, फ्रिज और वाशिंग मशीन और अन्य सामान दहेज में दिया था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कार और एक लाख रुपए नकद की अतिरिक्त मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल के लोग मेरे साथ मारपीट करने लगे। पति ने गर्म लोहे की रॉड से जलाकर जान से मारने की धमकी दी।

#### पति ने किन्नर से शादी कर ली

महिला ने बताया- मैं 4 माह की प्रेग्नेंट हूं। मेरे पति ने एक किन्नर को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ शादी कर ली। अब पति उस किन्नर को अपनी पत्नी की तरह अपने साथ रखे हुए है। महिला ने बताया कि जब मैंने इस बात का विरोध किया, तो मेरे साथ मारपीट की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया गया। मेरे गहने और शादी का सारा सामान भी ससुराल पक्ष ने हड़प लिया। मेरे माता-पिता ने कई बार समझौते की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने मुझे साथ रखने से साफ इनकार कर दिया।

# पूर्व प्रधान प्रत्याशी के घर जीएसटी की छापेमारी

**आठ घंटे से अधिक समय तक घर का गेट बंद कर दस्तावेजों की जांच**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,सोमवार सुबह जीएसटी टीम ने एक पूर्व प्रधान प्रत्याशी के आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई सुबह करीब सात बजे शुरू हुई और कई घंटों तक जांच व पूछताछ जारी रही। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। मामला जलालाबाद थाना क्षेत्र स्थित अतिबरा गांव का है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ नंबर की दो कारों से पहुंची जीएसटी टीम ने सबसे पहले स्थानीय पुलिस को कार्रवाई की सूचना दी। इसके बाद टीम ने संबंधित मकान में प्रवेश कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि टीम ने घर के गेट अंदर से बंद कर लिए और दस्तावेजों तथा अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। व्यवसाय के बारे में स्पष्ट जानकारी नहींमामला अतिबरा गांव निवासी कुलदीप उर्फ अभिषेक पाठक से जुड़ा है, जिन्होंने 2015 में ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कुलदीप खेतीबाड़ी से भी जुड़े रहे हैं, लेकिन उनका अधिकांश समय जिले से बाहर बीतता था। ग्रामीणों का कहना है कि उनके व्यवसाय के बारे में उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं है। गांव में चर्चा है कि कुलदीप के नाम पर अन्य राज्यों में भी कई फर्म पंजीकृत हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले एक-दो वर्षों से उनके मकान पर विभिन्न प्रकार के नोटिस आते रहे थे, लेकिन वे किस विभाग या मामले से जुड़े थे, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। छापेमारी के दौरान जीएसटी अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। वहीं, स्थानीय पुलिस केवल सुरक्षा व्यवस्था संभालती रही। जलालाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि जीएसटी विभाग द्वारा छापेमारी की जा रही है। संबंधित व्यक्ति का कारोबार क्या है और जांच किस विषय में हो रही है, इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस को नहीं दी गई है।

# निजी क्लीनिक में प्रसूता और नवजात की मौत

**परिजनों ने क्लीनिक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान एक प्रसूता और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने क्लीनिक संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पर्वतपुर सुलेमान गांव निवासी अयान मोहम्मद की पत्नी आसमीन बानो को प्रसव पीड़ा होने पर सैफाबाद बाजार के कृष्णा क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में तीन दिनों तक प्रसव कराने का प्रयास किया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर भी उचित इलाज नहीं मिला और न ही समय पर किसी बड़े अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, रात प्रसूता आसमीन बानो और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि क्लीनिक संचालक ने मामले को दबाने के लिए लेनदेन का प्रयास किया। जब परिजन घटना के बाद क्लीनिक पहुंचे, तो वहां कोई डॉक्टर या कर्मचारी मौजूद नहीं था। आसमीन की हालत बिगड़ने पर उसे सामने स्थित एक अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन शव को घर ले गए और क्लीनिक संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**12 साल पहले पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ था, 19 मुकदमे दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, पुलिस ने 12 साल से फरार चल रहे 1 लाख रुपये के इनामी बदमाश भानु प्रताप दुबे उर्फ महराज उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोतवाली नगर पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से की। आरोपी को लालगंज थाना क्षेत्र के नहर पटरी धधुआ गाजन के पास से पकड़ा गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के संगीगिरफयापुर गांव का निवासी भानु प्रताप दुबे वर्ष 2014 में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। उसके खिलाफ हत्या, डकैती और गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 19 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एडीजी जोन प्रयागराज ने उस पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान भानु प्रताप दुबे पहले मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में छिपा रहा। बाद में वह गुजरात के सूरत में जाकर बस गया। वहां उसने अपनी पहचान बदलकर 'विक्की दुबे' के नाम से फर्जी राशन कार्ड और वोटर आईडी बनवा लिए। आरोपी की लोकेशन ट्रेस उसने फरुर्खाबाद के पते पर 2020 में ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया और ट्रक चालक के रूप में काम करने लगा। प्रतापगढ़ पुलिस ने 'यक्ष एप' के माध्यम से चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के तहत बीट आरक्षी से मिली सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी लंबे समय से फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ।

## संक्षेप

### सामुदायिक शौचालय केयर टेकरों ने बकाया मानदेय मांगा

**बागपत में डीएम को सौंपा ज्ञापन, आर्थिक परेशानी बताई**

बागपत ,सामुदायिक शौचालयों के केयर टेकरों ने अपने लंबित मानदेय के भुगतान की मांग की है।जन कल्याण केयर टेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने बताया कि जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थापित सामुदायिक शौचालयों का संचालन, सफाई और रखरखाव केयर टेकर लगातार कर रहे हैं।वे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और पंचायती राज विभाग के निदेशों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।हालांकि, कई स्थानों पर लंबे समय से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कई केयर टेकरों का महीनों से मानदेय बकाया है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो सामुदायिक शौचालयों के संचालन और स्वच्छता व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।एसोसिएशन ने प्रशासन के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं।इनमें सभी केयर टेकरों को पीएफ और ईएसआई की सुविधा देने, वेतन सीधे व्यक्तिगत बैंक खातों में भेजने, प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने तथा ग्राम पंचायतों में कार्यरत केयर टेकरों का लंबित मानदेय तत्काल जारी करने की मांग शामिल है।केयर टेकरों ने प्रशासन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर बकाया भुगतान जल्द कराने की अपील की। जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने इस मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ट्रक चालक से मारपीट, अवैध वसूली

**पांच अभियुक्त गिरफ्तार, चौकी प्रभारी की तहरीर पर दर्ज हुआ था मामला**

बागपत शहर, कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक चालक से मारपीट और अवैध वसूली के आरोप में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान इन अभियुक्तों को पकड़ा।इन पर ट्रक चालक को गोवंश ले जाने का आरोप लगाकर पीटने और पैसे वसूलने का आरोप है।यह मामला निवाड़ा चौकी प्रभारी सत्यम की तहरीर पर दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### नए नगर निगम कार्यालय पर हाईकोर्ट सख्त

**नोटिस जारी कर मांगा जवाब, 16 जुलाई को अगली सुनवाई**

मेरठ ,निमार्णाधीन नए नगर निगम कार्यालय को लेकर विवाद अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। शास्त्रीनगर स्थित भवन के निर्माण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नगर निगम को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2026 को होगी।यह मामला जनहित याचिका के जरिए हाईकोर्ट पहुंचा है। याचिकाकर्ता लोकेश खुराना ने आरोप लगाया है कि शास्त्रीनगर स्थित आवासीय भूमि पर बिना वैधानिक मानचित्र स्वीकृति के नगर निगम का नया कार्यालय बनाया जा रहा है।

# 10 महीने से नहीं मिला मानदेय आक्रोशित हुए पंचायत सहायक

**धरना प्रदर्शन करते हुए 10 सूत्रीय मांगों के लिए सौपा मांग पत्र**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय प्रांगण अंतर्गत पंचायत सहायक पदों पर कार्यरत कर्मचारियों ने विगत 10 महीने से वेतन न मिलने से आहत होकर धरना प्रदर्शन किया क्षेत्रीय पंचायत सहायकों ने धरना प्रदर्शन करते हुए बताया कि विगत 10 महीने से पंचायत कर्मचारियों को मानदेय प्राप्त नहीं हुआ जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या खान-पान रहन-सहन बच्चों की शिक्षा भरण पोषण आदि में भारी समस्याएं आने लगी हैं आक्रोशित हुए रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष आर्य कुमार पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र उमराव मुकेश कुमार आदि सभी लोगों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड के सहायक खंड विकास अधिकारी मुन्नालाल को ज्ञापन सौंपा वही घोषणा की कि आज 2 जून से सभी कर्मचारी कलम बंद हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर उपर्युक्त कर्मचारियों के साथ अन्य कर्मचारी जैसे पूनम कल्पना संतोष राकेश कुमार सुभाष कुमार सुरेंद्र कुमार रामहेत राममोहन सिंह जितेंद्र मुकेश कुमार आदि भारी संख्या में पंचायत सहायक कर्मचारी मौजूद रहे

# जिला पूर्ति कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**मिली खामियां कई खंड विकास अधिकारियों का रुका वेतन**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद की जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कल जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया औचक निरीक्षण के दौरान अनेकों खामियां मिली जहां अभिलेख की जांच करते हुए जिला अधिकारी ने जिम्मेदारों से बारीकी से पूछताछ की जानकारी लेने तथा जांच करने पर देखा गया कि राशन दुकानों की खुली बैठक के मामले लंबित मिले जिसे देखते हुए जिलाधिकारी ने जिन विकासखंडों के मामले लंबित हैं उनके अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने जनपद के विजयीपुर असोथर मलवां तथा अमौली खंड विकास अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया वहीं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी

# जनपद के मुन्ना भाइयों के लिए जिलाधिकारी का फरमान

**अवैध चल रहे क्लिनिक पैथोलॉजी को तत्काल सीज करने का आदेश जारी**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद में स्वास्थ्य विभाग के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारी गणों के साथ एक बैठक संपन्न कर अहम निष्कर्ष निकाला जिलाधिकारी की इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदयभान सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी गण मौजूद रहे जहां जिलाधिकारी ने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ उदयभान सिंह को निर्देशित किया कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में हो रहे जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ पर तत्काल रोकथाम की जाए जनपद के किसी भी क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथोलॉजी क्लीनिक या बिना पंजीकृत अस्पतालों पर छापेमारी कर तत्काल उन्हें सीज किया जाए यह जिम्मेदारी सभी क्षेत्रीय चिकित्सा अधीक्षकों ( एम ओ वाई सी )को सौंपी गई जहां क्षेत्रीय अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के अवैध चल रहे पैथोलॉजी क्लीनिक या अस्पतालों पर कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करें जिलाधिकारी ने उच्च अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट रूप से दिशा निर्देश दिए यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के प्रति लापरवाही बरती गई तो उस जिम्मेदार व्यक्ति पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी इसलिए ऐसे कार्यों पर लापरवाही बिल्कुल मत करें मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी के आदेश को स्वीकृत किया वही सभी क्षेत्र के चिकित्सा अधीक्षकों ( एम ओ वाई सी )को भी सूचित कर दिया गया है।

# नगदी जेवरात पार कर चोरों ने लाखों का लगाया चूना

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर।जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरंतर हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम कर पाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बन चुकी है विगत एक माह में लगभग दर्जनों चोरी हो जाने के बाद एक भी मामले का खुलासा प्रशासन नहीं कर पाया इन्हीं मामलों को लेकर तत्कालीन थानाप्रभारी का स्थानांतरण कर नये थाना प्रभारी को थाने की कमान सौंपी गई इसके बाद भी घटनाओं पर रोकथाम नहीं लग पा रही है ताजा मामला थाना क्षेत्र के खदरा गांव का सामने आया जहां ग्रामीण शैलेंद्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय बंशीधर के मकान में विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को अज्ञात चोरों ने घर के अंदर प्रवेश कर मकान में रखी बक्से के अंदर अटैची समेत कई स्थानों से लगभग 60000 रुपए नगद तथा सोने की एक मोहर तीन अंगूठी एक की चांदी की हाफ पेटी तोड़िया पायल समेत सभी जेवरात पार कर दिए सुबह उठने पर पीड़ित शैलेंद्र कुमार की मां ने देखा कि घर के अंदर चारों तरफ सामान बिखरा हुआ पड़ा है यह देखकर शोर मचाया तथा घर के अन्य लोग जमा हो गए मौके के हालात देखते हुए पीड़ित ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंची स्थानी पुलिस प्रशासन ने तहकीकात करते हुए फॉरेंसिक टीम को आमंत्रित किया घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी जांच प्रारंभ की वही पीड़ित ने लिखित जानकारी देते हुए घटना की तत्काल खुलासा करने की अपील की इस प्रकार की घटनाओं से क्षेत्र में अतिक्रमण कारियों चोरों का वर्चस्व पूर्ण रूप से कायम हो चुका है जिसे नेस्तनाबूत करना एक कठिन कार्य बन चुका है देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन कब तक ऐसे अपराधों पर नियंत्रण कर पाएगा

# प्रेमी ने की मुस्कान की हत्या

**शराब पिलाने के बाद दुपट्टे से गला घोंटा, श्मशान में मिली थी लाश; आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



रजनीश, आरोपी

मुस्कान, मृतक

मेरठ ,पूठा श्मशान घाट में मिली युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार मुस्कान की हत्या उसके प्रेमी रजनीश उर्फ गब्बर ने की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मुस्कान के साथ उसके प्रेम संबंध की जानकारी पत्नी और बच्चों को हो गई थी। परिवार में लगातार विवाद होने लगा था। इसी वजह से उसने मुस्कान को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और उसकी हत्या कर दी। एसपी सिटी विनायक भोसले ने बताया कि लक्खीपुरा निवासी मुस्कान का शव पूठा श्मशान घाट में मिला था। शव के पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर पुलिस ने पहचान की और कॉल डिटेल खंगाली। जांच में सामने आया कि हत्या से पहले मुस्कान ने पांच लोगों को कॉल की थी। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इनमें टीपीनगर के शिवपुरम निवासी रजनीश उर्फ गब्बर भी शामिल था। शुरूआत में रजनीश पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन उसके बयान और मोबाइल लोकेशन में विरोधाभास मिलने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की।इसके बाद उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस जांच में सामने आया कि मुस्कान का अपने पति अब्दुल वाहिद से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान पति ने उसका मोबाइल तोड़ दिया था।इसके बाद मुस्कान ने पड़ोसन निशा से 300 रुपये में पुराना मोबाइल खरीदा।अगले दिन वह निशा के घर पहुंची और रुपये वापस मांगे।बदले में निशा ने उसे पुराना सिलेंडर दे दिया।इसी दौरान मुस्कान ने निशा के मोबाइल से रजनीश को कॉल की। रजनीश उसे माधवपुरम गेट से मोपेड पर लेकर मोहकमपुर स्थित अपने दोस्त राहुल कटारिया के घर पहुंचा। राहुल कटारिया के घर पर चिकन बनाया गया। वहां राहुल, रजनीश और मुस्कान ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खाया।इसी दौरान मुस्कान और रजनीश के बीच विवाद हो गया। गुस्से में रजनीश ने मुस्कान को कई थप्पड़ मार दिए। शोर-शराबा होने पर राहुल की पत्नी संगीता ने दोनों को घर से निकाल दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रात में वह मुस्कान को पूठा श्मशान घाट ले गया। वहां भी दोनों ने शराब पी।

# योगी पर टिप्पणी से मौलाना नाराज, बोले- मतभेद रखें..अपमान नहीं

**मेरठ में मौलाना अशरफी ने नसीहत दी, कहा- विरोध करें, लेकिन भाषा सभ्य रखें**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , बकरीद के दिन एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पर मौलाना मोहम्मद नाजिम अशरफी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या किसी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मौलाना अशरफी ने कहा- इस घटना से मुझे बेहद अफसोस हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विचार और राय अलग हो सकती है, लेकिन अपनी बात हमेशा सभ्य तरीके से रखनी चाहिए। किसी के लिए गाली-गलौज या अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना गलत है। मौलाना अशरफी ने प्रशासन से भी निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि कानून सभी के लिए बराबर होना चाहिए और किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया या मीडिया के सामने सोच-समझकर बोलें और ऐसे विवादों से बचें। किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए गलत शब्द नहीं बोलने चाहि मौलाना अशरफी ने कहा कि वह सिर्फ मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की बात नहीं कर रहे हैं। उनका मानना है कि किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के व्यक्ति के खिलाफ, खासकर किसी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को अपनी बात सभ्य तरीके से रखनी चाहिए। मतभेद होना अलग बात है, लेकिन गाली-गलौज या अपशब्दों का इस्तेमाल करना गलत है।

# किसान-मजदूरों का हंगामा

**बैलगाड़ी से मोदीनगर तहसील ऑफिस पहुंची महिलाएं, खाली गैस सिलेंडर रख प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, मोदीनगर में भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने हंगामेदार प्रदर्शन किया। महंगाई, नीट परीक्षा पेपर लीक और सड़कों की बदहाली के विरोध में तहसील मुख्यालय धरना दिया। सैकड़ों किसान और महिलाएं बैलगाड़ी में सवार होकर जीटी रोड पर नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। यह प्रदर्शन मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर, महिला विंग अध्यक्ष नीरज प्रजापति और महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और लोक निर्माण विभाग ( के सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग की।

### घंटों तक जमीन पर बैठे रहे किसान

प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतें, नीट परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा और देहात की जर्जर सड़कों की मरम्मत शामिल थी। किसानों ने कई घंटों तक धरना जारी रखा। एसडीएम मोदीनगर ने मौके पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता ( अए ) को बुलाया। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष बबली गुर्जर और राहुल प्रधान की एई के साथ तीखी नोकझोंक हुई। डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कई वर्षों से लगातार उठाई जा रही है, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी दो साल से केवल बहकाने का काम कर रहे हैं। सड़क पर बैठकर आंदोलन किया एसडीएम के साथ हुई त्रिपक्षीय वार्ता में यह तय हुआ कि सोमवार से सड़क पर गड्ढा मुक्ति का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मोर्चा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार से काम शुरू नहीं हुआ, तो बुधवार से उसी सड़क पर बैठकर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. बबली गुर्जर, नीरज प्रजापति, राहुल प्रधान, निर्दोष खटाना, इस्तकार प्रधान, हरेंदर शर्मा, राहुल जाटव, राज वर्मा, बाबा चौधरी, धर्मपाल प्रधान, प्रशांत भटजन, सहाब सिंह, बिट्टू बड़ायला, सुनील प्रधान, सभासद प्रवीण गुर्जर, सभासद गुलाब सिंह, नवीन जैन, तिलकराज अधाना, बलबीर भड़ाना, देव पंडित, लक्की गूजर, चुड़ियाला जयप्रकाश शर्मा, परशराम, संजय खटाना, फिरे खटाना, सुनीता, पिंकी, ललिता, कमलेश, राजेंद्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता को सीबीआई ने 3 लाख रिश्वत लेते पकड़ा

**मेरठ कैंट बोर्ड के सदस्य हैं; पार्किंग ठेका दिलाने के नाम पर मांगी थी रकम**

अमन लेखनी समाचार



डॉ. सतीश चंद्र शर्मा
भाजपा नेता

मेरठ , कैंट बोर्ड के नामित सदस्य भाजपा नेता डॉ. सतीश चंद्र शर्मा को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने कैंट बोर्ड में पार्किंग ठेका रिन्यू कराने के नाम पर एक ठेकेदार से 3 लाख रुपए की रिश्वत ली। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने देर रात पल्लवपुरम स्थित अंसल टाउन में उनके आवास पर छापा मारा। दरअसल, शनिवार (आज) को कैंट बोर्ड की बैठक होनी थी, जिसमें पार्किंग ठेका रिन्यू करने पर फैसला होना था। ठेके को रिन्यू कराने के नाम पर डॉ. सतीश शर्मा ने ठेकेदार से 9 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच 3 लाख रुपए में सौदा तय हो गया था। लेकिन, ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी थी। इस पर सीबीआई ने जाल बिछाया। सीबीआई टीम का एक सदस्य ठेकेदार के रिश्तेदार के रूप में डॉ. शर्मा के घर पहुंचा था। जैसे ही रिश्वत की रकम सौंपी गई, पहले से मौजूद सीबीआई अधिकारियों ने डॉ. सतीश को पकड़ लिया।

### घर पर मिला 50 लाख रुपए से ज्यादा कैश

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीमों ने उनके घर की गहन तलाशी ली। इस दौरान 50 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिला। साथ ही कई फाइलें और दस्तावेज भी जब्त किए गए। इनमें लेन-देन और कथित भ्रष्टाचार से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत होने की आशंका जताई जा रही है।

### चौथी बार कैंट बोर्ड के सदस्य नामित हुए हैं डॉ. सतीश शर्मा

डॉ. सतीश शर्मा पेशे से होम्योपैथी डॉक्टर हैं। वह केंद्रीय मंत्रालय की ओर से कैंट बोर्ड के नामित सदस्य हैं। वह चार बार से इसी पद पर बने हैं। कैंट बोर्ड में चुनाव नहीं होने की वजह से उन्हें नामित सभासद के रूप में नियुक्त किया जाता रहा है। डॉ. सतीश मूलरूप से लालकुर्ती इलाके के रहने वाले हैं। वर्तमान में अंसल टाउन में एक आलीशान कोठी में रहते हैं। होने वाली बैठक में राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई और सांसद अरुण गोविल समेत कैंट बोर्ड के अधिकारी और सदस्य शामिल होने वाले थे। इस दौरान यहां पर पार्किंग ठेका, कैंटीन का रिन्यू समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी थी।


### ठेका रिन्यू कराने के नाम पर मांगी थी रिश्वत

आरोप है कि बैठक से पहले डॉ. सतीश शर्मा ने बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार विक्की से गांधीबाग समेत कई पार्किंग के ठेकों का रिन्यूअल कराने के बदले 9 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद दोनों के बीच कई दौर की बातचीत हुई और आखिरकार 3 लाख रुपए में सौदा तय हो गया था। ठेकेदार ने सीबीआई में की शिकायत डॉ. शर्मा ने ठेकेदार को अपनी अंसल टाउन स्थित कोठी पर रकम लेकर आने के लिए कहा था।

# जून से खराब सड़कों की मरम्मत होगी

**दो महीने में काम पूरा होगा, प्राधिकरण की बैठक में लिया गया निर्णय**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,खराब सड़कों और गड्ढों से परेशान लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। अब तक शहर में सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया था, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने दावा किया है कि जून के पहले सप्ताह से मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण अधिकारियों ने दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख बिटुमिन सप्लायरों और ठेकेदारों के साथ बैठक की।प्राधिकरण के अनुसार, सड़कों की मरम्मत में देरी का मुख्य कारण बिटुमिन की कमी है। उत्तर भारत में बिटुमिन की आपूर्ति मुख्य रूप से मथुरा स्थित आईओसीएल रिफाइनरी से होती है। अधिकारियों का कहना है कि रिफाइनरी में एक-दो जून से बिटुमिन उत्पादन शुरू होने की संभावना है, जिसके बाद छह से सात जून तक नोएडा में इसकी आपूर्ति पहुंच जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि बिटुमिन उपलब्ध होते ही शहर की सड़कों की मरम्मत और रिसर्फेसिंग का काम तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। यदि योजना के अनुसार कार्य आगे बढ़ता है तो जुलाई के अंत तक शहर की प्रमुख सड़कों की रिसर्फेसिंग पूरी होने की उम्मीद है।इस समय नोएडा की कई सड़कों पर गहरे गड्ढे और क्षतिग्रस्त सतह लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। रोजाना सफर करने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# जनगणना ड्यूटी में लापरवाही, 132 कर्मचारियों पर एफआईआर होगी

**निर्देश के बाद भी ड्यूटी नहीं की ज्वाइन, डीसीपी को भेजा गया पत्र**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। जनगणना कार्य से जुड़े कुल 132 प्रगणकों और कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे संबंधित एक पत्र प्राधिकरण ने डीसीपी नोएडा को भेजा है। साथ ही सक्षम अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया, जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है। मामले में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान कार्य में अनियमितता और लापरवाही सामने आने के बाद सूची तैयार की गई। जनगणना अधिकारी ने बताया कि 132 लोगों से फोन पर संपर्क किया गया। जिनके वाट्सऐप क्रियाशील थे उस पर डिय्टी भेजी गई। लेकिन इन लोगों ने दस्तावेज लेने से मना कर दिया गया। ऐसे में जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-5 और धारा-11 के प्रावधानों प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण का कहना है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों पर मारा छापा

**आइसक्रीम समेत 8 प्रोडक्ट के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,नोएडा और ग्रेटर नोएडा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कई खाद्य निर्माण इकाइयों और दुकानों पर छापेमारी की।इस दौरान आइसक्रीम, फ्रोजन डेजर्ट, योगर्ट, बादाम शेक और आइस कैंडी समेत कुल 8 खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।विभाग की अलग-अलग टीमों ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई प्रतिष्ठानों पर जांच की। यहां से लिए गए सैंपलसेक्टर-58 स्थित एक डेयरी उत्पाद कंपनी से फ्रोजन डेजर्ट का सैंपल लिया गया।सेक्टर-122 की एक निर्माण इकाई से आइसक्रीम प्रीमिक्स का नमूना लिया गया।सेक्टर-73 स्थित एक फूड कंपनी से ब्लू बेरी फ्यूजन डिलाइट योगर्ट और मैंगो बेरी मैजिक योगर्ट के सैंपल लिए गए।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शिवशक्ति महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



ककरबई (झांसी)। कस्बा ककरबई स्थित काली माता मंदिर पर रविवार से शिवशक्ति महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा से पूर्व यज्ञाचार्य हरेंद्र गौतम ने सभी यजमानों का शुद्धिकरण संस्कार कराया तथा क्षौरकर्म एवं पंचगव्य पान की विधि संपन्न कराई। कलश यात्रा में सबसे आगे आचार्यगण एवं यजमान धर्म ध्वजाएं लेकर चल रहे थे। उनके पीछे श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे, जबकि सबसे पीछे माताएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुईं। घोड़े डीजे एवं गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न देवालयों से होकर यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। महायज्ञ के प्रथम दिवस भागवत कथा का वाचन करते हुए भागवताचार्य रामशरण तिवारी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही मनुष्य को भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा के समापन पर परीक्षित स्वरूप में विराजमान सुशीला-लक्ष्मीनारायण द्वारा महापुराण की आरती एवं पूजन कराया गया। कार्यक्रम में महंत राकेश दास जी महाराज, काली माता मंदिर के पुजारी लक्ष्मण प्रजापति, उमाशंकर सोनी, जानकी प्रसाद गौतम, गिरजानंदन दीक्षित, विनोद पाठक, रिंकू गुप्ता, विनय गौतम, पवन यादव, राधे पंडा, वीरेंद्र यादव, सियाशरण प्रजापति, भजन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरसराय में धूमधाम से मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती

अमन लेखनी समाचार

गुरसराय। कस्बा गुरसराय के एक गार्डन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश पाल एवं जवाहरलाल राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, उनके आदर्शों, जनकल्याणकारी कार्यों तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद नगर में भव्य बाइक रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजा भैया पाल, ब्लॉक प्रमुख टीकाराम पटेल, पूर्व प्रधान अनिल तिवारी (जखौरा), राहुल राजपूत, राजकुमार सेन, पंकज कुशवाहा, जयप्रकाश सचदेवा, घनेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, भरत पाल, एच.के. राजपाल (मऊरानीपुर), डॉक्टर राकेश पाल, रामसिंह नेता, लल्लू पाल,



प्रेमनारायण पाल, द्वारिका डिकोली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्रोत बताया।

# अवैध अस्पताल में प्रसूता की मौत मामले में बड़ी कार्रवाई, फरार आरोपियों पर 35 हजार का इनाम घोषित

अमन लेखनी समाचार




कोन/सोनभद्र। कोन क्षेत्र स्थित अवैध रूप से संचालित ग्लोबल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में प्रशासन और पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अस्पताल को सील कर दिया गया है, जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुल ?35 हजार का इनाम घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सीमा पत्नी देवनारायण, निवासी सोना सिंगा (पोस्ट बागेसोती, थाना कोन) को प्रसव पीड़ा होने पर कचनरवा पीएचसी लाया गया था। प्राथमिक जांच के बाद उन्हें एम्बुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोन रेफर किया गया, लेकिन आरोप है कि एम्बुलेंस के ईएमटी द्वारा उन्हें निर्धारित अस्पताल के बजाय बिना पंजीकरण संचालित ग्लोबल हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया। वहां ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि नवजात सुरक्षित बताया गया। घटना के बाद जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गुलाब शंकर यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कीर्ति आजाद बिन्द तथा क्षेत्राधिकारी कोन की संयुक्त टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच की। जांच में अस्पताल को अवैध रूप से संचालित पाया गया, जिसके बाद शनिवार को उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की ओर से अस्पताल संचालक नसीम अहमद के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 104/2026 में धारा 105, 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं धारा 34 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इधर रविवार को पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नसीम अहमद पर ?25,000 तथा उसकी सहयोगी सलमा पर ?10,000 का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस लगातार दोनों की तलाश में दबिश दे रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आरोपियों के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## खास समाचार

### ग्रीन कॉरिडोर-2 कार्य के चलते सिमरधा फीडर की बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रीन कॉरिडोर-2 परियोजना के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य के कारण 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गरौठा से पोषित 11 केवी सिमरधा पीटीडब्ल्यू कृषि/ग्रामीण फीडर की विद्युत आपूर्ति आगामी आठ दिनों तक प्रभावित रहेगी। अवर अभियंता राम भवन चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 400 केवी डीसी क्वाड मूस उरई-गरौठा-तालबेहट लाइन पर टावर स्ट्रिंगिंग का कार्य किया जाना है। इस कारण 2 जून से 9 जून 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान सिमरधा पीटीडब्ल्यू कृषि एवं ग्रामीण पोषक से जुड़े सभी गांवों के निजी नलकूप तथा घरेलू उपभोक्ता प्रभावित होंगे। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटाने का अनुरोध किया गया है। विद्युत विभाग के अनुसार ग्रीन कॉरिडोर-2 परियोजना प्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र को बेहतर विद्युत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर किसानों से संवाद

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने जनपद झांसी की नगर पंचायत गरौठा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किसान गोष्ठी एवं प्रेस वार्ता में सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, गोबर एवं गौमूत्र आधारित कृषि उत्पादों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान कृषि लागत को कम कर सकते हैं तथा अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही इससे भूमि की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गौ संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा, प्राकृतिक खेती और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान किसानों ने भी प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने ग्राम सुट्टा में संचालित पीतांबरा गौशाला का भी निरीक्षण किया और गौशाला संचालक अखिलेश तिवारी से बातचीत की। कार्यक्रम में नगर पंचायत गरौठा अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, श्यामाकांत तिवारी, शत्रुघ्न सिंह परिहार, सतीशचंद्र चौरसिया, अवधेश फौजी, अनुज कुमार द्विवेदी, अभिलाष मुखिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, किसान बंधु एवं गौसेवक उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के अवसर पर धनबाद मंडल में स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

धनबाद। धनबाद मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2026 के अवसर पर रेल प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मियों द्वारा विभिन्न रेलवे स्टेशनों के परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से कचरा तथा प्लास्टिक अपशिष्ट हटाया गया, साथ ही रेलवे ट्रैक के किनारों की भी व्यापक सफाई की गई

# मिशन शक्ति अभियान के तहत धमनौड़ में ग्राम चौपाल आयोजित

### महिलाओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




ककरवई (झांसी)। थाना ककरवई की एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा सोमवार को ग्राम धमनौड़ में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समाधान कराने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के निर्देशन एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विजय शंकर मिश्रा, महिला कांस्टेबल साक्षी कटियार एवं प्रिया यादव मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 108, 102, 1930 एवं 181 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान महिलाओं और छात्राओं को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, लेकिन किसी ने कोई विशेष समस्या नहीं बताई। महिला सुरक्षा एवं सहायता के उद्देश्य से पिंक कार्ड भी वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।

# पत्रकार न रहें तो सरकार तानाशाह हो जाएगी : नगर विधायक

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट के कार्यक्रम में मंथन,

### पत्रकार भवन का रास्ता साफ, पालिकाध्यक्ष ने जमीन, नगर विधायक ने 10 लाख अनुदान किया घोषित, एमएलसी ने भरी सहमति

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट द्वारा आयोजित ₹वैश्विक परिदृश्य में पत्रकारिता₹ विषयक संगोष्ठी में पत्रकारिता की चुनौतियों, लोकतंत्र में उसकी भूमिका और बदलते मीडिया परिवेश पर गंभीर मंथन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के लाल डिग्गी स्थित लायंस स्कूल सभागार में किया गया था। मुख्य वक्ता अरुण आनंद ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौर की पत्रकारिता एक मिशन हुआ करती थी, जिसका उद्देश्य देश और समाज की सेवा करना था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पत्रकारिता के स्वरूप में धीरे-धीरे बदलाव आया और समय के साथ इसमें व्यावसायिकता का प्रभाव बढ़ता गया। उन्होंने आपातकाल के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय मीडिया पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे। समाचार पत्रों को स्याही तक उपलब्ध नहीं हो पाती थी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया था। लेखन और प्रकाशन पर नियंत्रण के कारण पत्रकारों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अरुण आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में परिस्थितियां भले ही अलग हों, लेकिन पत्रकारिता नई चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि आज मीडिया संस्थानों को आर्थिक संसाधन तो उपलब्ध हैं, किंतु स्वतंत्र और निष्पक्ष लेखन पर विभिन्न प्रकार के दबाव महसूस किए जा रहे हैं। कई बार अधिकारियों या प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ खबर प्रकाशित होने पर पत्रकारों और मीडिया संस्थानों पर मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं, जिससे स्वतंत्र पत्रकारिता प्रभावित होती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों के सामने नौकरी की असुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

कभी भी रोजगार छिन जाने की आशंका के कारण कई पत्रकार खुलकर अपनी बात नहीं रख पाते। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारिता की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। यदि पत्रकार न रहें तो सरकार तानाशाह हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत को अब ₹सोने की चिड़िया₹ नहीं बल्कि ₹बब्बर शेर₹ बनना चाहिए। चिड़िया बनने पर उसे फिर कोई लूट सकता है, जबकि बब्बर शेर बनने पर वह अपनी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा स्वयं कर सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में सत्य और निष्पक्षता सबसे बड़ी ताकत है, प्रभाव पैदा करने की नहीं बल्कि सत्य को सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने भगवान शिव के परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि परिवार में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। इसी तरह पत्रकारों को भी एक मंच पर रहकर समाज और लोकतंत्र के हित में कार्य करना चाहिए। एमएलसी विनीत सिंह ने पत्रकारों को गुटबाजी से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि झाड़ू बंधी रहती है तो सफाई करती है, लेकिन बिखर जाने पर स्वयं कचरा बन जाती है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता को लोकतंत्र की आवश्यकता बताते हुए पत्रकारों से एकजुट रहने का आह्वान किया। पत्रकार भवन की मांग पर चर्चा के दौरान पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस पर नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने पत्रकार भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। विनीत सिंह ने जमीन मिलने पर दूसरे दिन से निर्माण कार्य कराने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी मंच के मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता कठिन दौर से गुजर रही है और पीत पत्रकारिता लोकतंत्र के लिए खतरा बनती जा रही है। उन्होंने पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। संपादक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा, जो छिपाया जाए वह खबर है और जो दिखाया जाए वह प्रचार है।

# सीढ़ी निर्माण के विवाद में युवक की मौत, चार आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के बेहंदर खुर्द गांव में सीढ़ी निर्माण को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जानकारी के अनुसार, बेहंदर खुर्द निवासी प्रदीप कुमार पुत्र होशराम रविवार दोपहर अपने घर पर सीढ़ी का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य का विरोध किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने प्रदीप कुमार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल प्रदीप कुमार को परिजन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान प्रदीप कुमार ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर कासिमपुर थाने में सात नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 और 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में पंकज, बिहारी उर्फ ब्रजलाल, अरुण कुमार, प्रियंका, खुशबू, रामदेवी और बलवंत कुमार शामिल हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। वहीं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी संडीला संतोष कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से मुलाकात की और निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर किसानों से संवाद

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने जनपद झांसी की नगर पंचायत गरौठा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किसान गोष्ठी एवं प्रेस वार्ता में सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, गोबर एवं गौमूत्र आधारित कृषि उत्पादों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान कृषि लागत को कम कर सकते हैं तथा अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही इससे भूमि की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गौ संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा, प्राकृतिक खेती और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान किसानों ने भी प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने ग्राम सुट्टा में संचालित पीतांबरा गौशाला का भी निरीक्षण किया और गौशाला संचालक अखिलेश तिवारी से बातचीत की। कार्यक्रम में नगर पंचायत गरौठा अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, श्यामाकांत तिवारी, शत्रुघ्न सिंह परिहार, सतीशचंद्र चौरसिया, अवधेश फौजी, अनुज कुमार द्विवेदी, अभिलाष मुखिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, किसान बंधु एवं गौसेवक उपस्थित रहे।

# चोपन पुलिस की द्वारा धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में महिला उत्पीड़न संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 0151/2026 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए वांछित




अभियुक्त राजन उर्फ राजेश को दिनांक 31.05.2026 को समय करीब 05:50 बजे रेलवे स्टेशन चोपन क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# बंद कमरे में मिला सीमेंट कंपनी के कर्मचारी का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

डाला (सोनभद्र)। डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के सेक्टर-सी स्थित एलसी कॉलोनी में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बंद आवासीय कमरे से तेज दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने अंदर झांककर देखा और एक व्यक्ति का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह लगभग 9:45 बजे सेक्टर-सी स्थित एलसी कॉलोनी के मकान संख्या 3/4 से तेज बदबू आने पर आसपास मौजूद लोगों और बकरी चराने वाले चरवाहों का ध्यान उस ओर गया। दुर्गंध बढ़ने पर लोगों ने आशंका जताई कि कमरे के भीतर कोई अप्रिय घटना हुई है। देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना डाला पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डाला चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बंद कमरे का दरवाजा तुड़वाया तो अंदर चौकी पर लेटे हुए एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत लगभग चार से पांच दिन पहले हो चुकी थी। पुलिस जांच में मृतक की पहचान मिथिलेश कुमार (40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले का निवासी था और डाला क्षेत्र स्थित एक निजी सीमेंट फैक्ट्री की जुगैलगुल माइंस में पीसी ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। वह एलसी कॉलोनी के उक्त आवास में अकेले रहता था। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सीमेंट कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना था कि यदि कर्मचारी कई दिनों से ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहा था, तो कंपनी प्रबंधन को उसकी खोजबीन करनी चाहिए थी। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि लगातार अनुपस्थित रहने के बावजूद कर्मचारी की कोई जानकारी नहीं ली गई, जिससे समय रहते उसकी स्थिति का पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। डाला चौकी प्रभारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं लग रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# शेखर ने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की जताई मंशा

नई दिल्ली। दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि इस फिल्म में दिग्गज संगीतकार एआर रहमान संगीत देंगे। अब शेखर कपूर ने युवा क्रिकेटर और नई सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की भी मंशा जताई। शेखर कपूर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के फैन बन गए। शेखर कपूर ने आज अपने एक्स अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी की एक तस्वीर साझा की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'अगर सूर्यवंशी इतने शानदार क्रिकेटर न होते, तो मैं उन्हें अपनी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' में ले सकता था।''

लाइफ Style



# राशा
## लाल कपड़ों में दिलाई मां रवीना की याद

राशा थडानी हाल ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के एक इवेंट में नजर आईं। यहां से उनका लुक वायरल हो रहा है। यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ नजर आएंगी। हाल ही में हैदराबाद में इस फिल्म का एक इंट्रोडक्शन इवेंट हुआ। इसमें दोनों कलाकारों का परिचय कराया गया। इस इवेंट से राशा थडानी का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया 'ऐसा क्यों लगता है कि हम रवीना टंडन को देख रहे हैं?' वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राशा थडानी लोगों के बीच से उठकर स्टेज पर आती हैं। इसके बाद अपने साथी कलाकार जय कृष्णा घट्टामनेनी को केक खिलाती हैं। आपको बता दें कि यह इंट्रोडक्शन इवेंट सुपरस्टार कृष्णा की जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, जय कृष्णा अपने दादा के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, मेरे दादा भगवान के समान हैं। उनके लिए मेरे दिल में जो प्यार और सम्मान है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' राशा थडानी, जो इस फिल्म के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं, उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया।

हॉलीवुड मसाला




# अमेरिकी अभिनेत्री मिका से तुलना

मुंबई। महिमा चौधरी अपनी बेटी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें उनकी बेटी एरियाना मुखर्जी की तुलना अमेरिकी एक्ट्रेस मिका अब्दुल्ला से की जा रही है। कई फैंस तो 'ऑफ कैंपस' की स्टार मिका को एरियाना की हमशक्ल भी कह रहे हैं। मिका, प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'ऑफ कैंपस' में ऐली हेस का किरदार निभाती हैं। कई यूजर्स ने यह भी बताया कि मिका काफी हद तक महिमा चौधरी के जवानी के दिनों की तरह दिखती हैं।




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे के बाद रिटायर होंगे टॉम?

लॉस एंजिल्स। अभिनेता टॉम हॉलैंड अपनी फिल्म 'स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे' के बाद पीटर पार्कर के किरदार से रिटायर हो सकते हैं। उन्होंने हाल में हुई एक बातचीत में कहा कि वह अब किसी नए अभिनेता के लिए पीटर पार्कर का रास्ता खोलना चाहते हैं। अभिनेता टॉम हॉलैंड स्पाइडर मैन सीरीज की चार फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मगर हाल ही में एम्पायर मैगजीन से हुई बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगला किरदार चाहे माइल्स मोरालेस हो, स्पाइडर-ग्वेन हो, स्पाइडर-वुमन हो या ऐसा ही कोई और, मैं उसके अगले अध्याय की नींव रखने में अपन योगदान देना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि किस तरह मैं इसमें शामिल रहूंगा। मगर स्पाइडर मैन के किरदार को किसी और को सौंपने के बारे में सोच रहा हूं।'



# कॉकटेल-2 के सेट से बीटीएस तस्वीरें जारी...

मुंबई। कॉकटेल 2 में रश्मिका मंदाना पहली बार कृति सेनन और शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म कॉकटेल 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले शाहिद कपूर ने कॉकटेल 2 की कुछ बीटीएस तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। एक्टर शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक फोटो कॉकटेल 2 की शूटिंग के दौरान की दिखाई दी। इस फोटो को शेयर कर एक्टर ने कैप्शन लिखा- 'व्हाट ए फन।' इसके अलावा भी उन्होंने कुछ और फिल्म से जुड़ी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में कृति और रश्मिका भी नजर आईं। इसके अलावा शाहिद ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट शूटिंग के बीच के समय में इंजॉए करते नजर आ रहे हैं।



# एसवीसी-63 से सामने आई पहली झलक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जो कि एसवीसी63 के सेट से बताई जा रही है। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में निर्देशक वामशी पेंडिपल्ली की फिल्म की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म को अस्थाई तौर पर एसवीसी63 कहा जा रहा है। सलमान खान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसे उनकी आगामी फिल्म एसवीसी 63 के सेट की तस्वीर बताया जा रहा है। इस तस्वीर में सलमान एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सलमान के चेहरे पर साफ गुस्सा नजर आ रहा है, उनके आस-पास कई लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

टीवी मसाला



# कोई भी किसी और को राम के रूप में नहीं देखना चाहता: अरुण

नई दिल्ली। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशक नितेश तिवारी हैं। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम का मुख्य किरदार निभा रहे हैं। साई पल्लवी सीता का किरदार निभा रही हैं, जबकि यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट में एक खास बात यह है कि इसमें दिग्गज एक्टर अरुण गोविल को भी कास्ट किया गया है। अरुण गोविल टीवी सीरीज 'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए मशहूर हैं। इस फिल्म में, गोविल भगवान राम के पिता, राजा दशरथ का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इस बीच उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ की है। एक बातचीत में अरुण गोविल ने रणबीर के बारे में यह साफ किया कि उन्हें इस एक्टर की काबिलियत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'राम के तौर पर, मैं उनके बारे में अभी कुछ नहीं बता पाऊंगा, लेकिन वह एक अच्छे एक्टर हैं। इसमें कोई शक नहीं है। वह एक बहुत अच्छे इंसान भी हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हर एक्टर हर किरदार को अपने ही अंदाज में निभाता है। उन्होंने भी भगवान राम का किरदार अपने ही अनोखे अंदाज में निभाया होगा।' जब फिल्म 'रामायण' का पहला लुक रिलीज हुआ था, तब कई लोगों ने रणबीर कपूर के लुक की आलोचना की थी। इस बारे में अरुण गोविल से पूछा गया। इस पर उन्होंने बताया 'शायद इसकी एक वजह यह भी है कि भगवान राम के रूप में मेरा अभिनय ही एक पैमाना बन गया था। यह आज भी लोगों के दिलों और दिमागों में जिंदा है। कोई भी किसी और को राम के रूप में देखना नहीं चाहता।

## 'नाटक के बीच में रोते बच्चे को संभाला'

नई दिल्ली। टीवी और फिल्मों के अलावा अभिनेता स्वप्निल जोशी थिएटर भी सक्रिय हैं। स्वप्निल जोशी 'लगना पंचमी' नाम का नाटक थिएटर में करते हैं। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। हाल ही में जब वह यह नाटक कर रहे थे तो अचानक शो में एक बच्चा रोने लगा। इस वजह से नाटक में खलल पड़ गया। ऐसे में गुस्सा होने की बजाय स्वप्निल जोशी ने मजेदार रिएक्शन दिया। स्वप्निल जोशी के नाटक के बीच में एक छोटा बच्चा रोने लगा। ऐसे में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस को रोक दिया और प्यार से कहा, 'माफ कीजिए क्या आप बच्चे को बाहर ले जा सकते हैं?' दर्शकों ने भी जवाब में माफी मांगी। तब स्वप्निल ने जवाब दिया, 'कोई दिक्कत नहीं है, बस बात यह है कि सबका ध्यान भंग हो रहा है।' स्वप्निल जोशी बोल ही रहे थे कि बच्चा फिर से रोने लगा। तब स्वप्निल जोशी ने कहा, 'प्यारे छोटे बच्चे तुम्हें भी नाटक देखना पसंद है, है ना?'



# 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान मेरी तबीयत खराब थी : माधुरी





मुंबई। माधुरी दीक्षित को लेकर सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि शाहरुख खान की 2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवदास के 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। अब इन चर्चाओं और अटकलों पर खुद माधुरी दीक्षित ने प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई बताई है। एक बातचीत में माधुरी दीक्षित ने अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने बेटे की जन्म की तारीख भी बताई। माधुरी ने कहा, 'आरिन का जन्म 2003 में हुआ था। आप हिसाब लगा लीजिए।' माधुरी दीक्षित के बड़े बेटे आरिन अब 23 साल के हैं और उनका जन्म 17 मार्च 2003 को हुआ था। फिल्म देवदास 12 जुलाई 2002 को रिलीज हुई थी, इससे पहले इसका प्रीमियर 23 मई 2002 को कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। हालांकि, माधुरी ने स्पष्ट किया कि शूटिंग शारीरिक रूप से काफी थकाने वाली थी, लेकिन इसका कारण उनकी प्रेग्नेंसी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ट्रेवल कर रही थी, इसलिए मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी। मैं लगातार शूटिंग के लिए इधर-उधर जा रही थी। मेरी सारी शूटिंग रात में होती थी। इसलिए मेरे लिए यह बहुत थकाने वाला था। मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी, लेकिन कुछ खास नहीं था। माधुरी की ये प्रतिक्रिया तब आई है, जब कुछ दिन पहले दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान की पूर्व असिस्टेंट रुबीना खान के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी प्रेग्नेंट थीं। रुबीना ने 'डोला रे डोला' गाने के बारे में बात करते हुए कहा था, 'इसमें एक स्टेप है जिसमें माधुरी मैम घूमकर बैठती हैं। वह शॉट सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलता रहा, क्योंकि वह चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। इसलिए वह ठीक से घूम नहीं पा रही थीं और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उस समय उन्हें बुखार भी था।

# 'धुरंधर में जो दिखाया गया है, वो सब सच है'



मुंबई। आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में है। जहां एक तरफ पहले पार्ट ने फैनबेस बनाया, वहीं दूसरी तरफ दूसरे पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। इन सब के बीच फिल्म की स्टोरी के रियल होने पर कई लोगों ने सवाल खड़े किए। इसी बीच अब एक पाकिस्तानी पत्रकार का इस मामले पर बड़ा बयान सामने आया है। पाकिस्तानी पत्रकार आरिफ अजाकिया ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्म में दिखाए गए ल्यारी और कराची के हालात को हकीकत के काफी करीब बताया है। दरअसल, रणवीर सिंह की यह फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी और अब एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म में कराची के लयारी इलाके में सक्रिय क्राइम और गैंगस्टर नेटवर्क को दिखाया गया है, जो असल घटनाओं से प्रेरित बताया जाता है। पत्रकार सौरभ द्विवेदी से बातचीत के दौरान आरिफ अजाकिया ने कहा कि उन्होंने खुद लयारी में रहकर वही सब देखा है, जो फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि वह जमशेद टाउन के मेयर भी रह चुके हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं लयारी में पैदा हुआ और वहीं पला-बढ़ा हूं, इसलिए फिल्म में जो दिखाया गया है, वो सब सच है।' इतना ही नहीं, आरिफ अजाकिया ने अपनी जड़ों को लेकर भी एक दिलचस्प बात कही। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता भारत के जूनागढ़, गुजरात से थे। उन्होंने कहा, 'मैं कराची में पैदा हुआ हूं, लेकिन खुद को भारतीय मूल का मानता हूं, पाकिस्तानी नहीं।' फिल्म धुरंधर में एक भारतीय एजेंट की कहानी दिखाई गई है, जो एक गुप्त मिशन पर होता है। इसमें आतंकवाद, खुफिया ऑपरेशन और बॉर्डर के बीच के तनाव जैसे मुद्दों को भी दिखाया गया है। फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम किरदारों में हैं।

## 36 साल खुद को कमरे में रखा बंद, जिया सात्विक जीवन

# सुचित्रा : इंदिरा की कुर्सी के लिए बन गई थीं खतरा!



नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में वैसे तो कई दमदार और उम्दा हीरोइनें रही हैं, जिन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया और सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पर एक हीरोइन ऐसी रही, जिसे 'पर्दे की देवी' का दर्जा मिला हुआ था। इस एक्ट्रेस को महानायिका कहा जाता था। संजीव कुमार से लेकर धर्मेंद्र और उत्तम कुमार तक इस एक्ट्रेस के फैन थे। यह थी सुचित्रा सेन, जिन्होंने दशकों तक फिल्मी पर्दे के साथ लोगों के दिलों पर राज किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। पर सुचित्रा सेन की जिंदगी में कुछ ऐसा हुआ, जिसके कारण वह लोगों की नजरों से छुपने लगी थीं। हालात ऐसे हो गए थे कि उन्होंने 36 साल तक खुद को कमरे में बंद कर लिया। यहां तक कि जब सुचित्रा सेन को दादासाहेब फाल्के सम्मान दिया जाना था, तो वह उसे लेने के लिए भी बाहर नहीं निकली थीं। सुचित्रा सेन एक ऐसी एक्ट्रेस रहीं, जिन्होंने इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए भी खतरा पैदा कर दिया था या यूं कहें कि वह इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए खतरा बन गई थीं।

### असली नाम और परिवार दंगे हुए तो भागना पड़ा

सुचित्रा सेन ब्रिटिश भारत के बंगाल के बेलकुची थाना स्थित भंगा बारी गांव में पैदा हुई थीं। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं और असली नाम था रोमा दासगुप्ता। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद रोमा फिर सुचित्रा सेन बन गई थीं। साल 1947 में जब भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तो दंगे-फसाद होने लगे। उसमें पिता ने किसी तरह खुद की और परिवार की जान बचाई और बंगाल आकर बस गए। यहां आने के बाद पिता ने सुचित्रा सेन की शादी एक रईस बिजनेसमैन आदिनाथ सेन के बेटे दीबानाथ सेन से करवा दी। तब सुचित्रा सेन 16 साल की थीं।

### पिता ने 16 की उम्र में करवा दी शादी

सुचित्रा सेन की पढ़ाई बीच में छूट चुकी थी, पर उन्हें गाने और एक्टिंग का बहुत शौक था। ऐसे में पति और ससुर ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया। पति के सपोर्ट से सुचित्रा सेन ने साल 1952 में अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। शुरुआत बंगाली फिल्मों से की थी, और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों में भी आ गई। सुचित्रा सेन की पहली फिल्म 'शेष कोथाय' थी, जो एक बंगाली फिल्म थी, पर कभी रिलीज नहीं हो सकी।

### सुचित्रा सेन की हिट फिल्में

देवदास, मुसाफिर, बंबई का बाबू, ममता, सरहद, आंधी, शारे चोतोर, सप्तपदी, सात पाके बाधा, दीप ज्वेले जय, अग्निपरीक्षा, उत्तर फाल्गुनी।

### अवॉर्ड और सम्मान

सुचित्रा सेन इंटरनेशनल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस हैं और उन्हें सिल्वर प्राइज मिला था। मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सुचित्रा को सात पाके बॉधा के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

### 1953 से मिला स्टारडम उत्तम कुमार संग 30 फिल्में

फिर साल 1953 में सुचित्रा ने 'शारे चोतोर' में काम किया, जो सुपरहिट रही। इसमें सुचित्रा सेन की उत्तम कुमार के साथ जोड़ी थी। देखते ही देखते सुचित्रा सेन और उत्तम कुमार की जोड़ी हिट हो गई। करीब दो दशक तक उन्होंने लगभग हर फिल्म में साथ काम किया और वो हिट रहीं। सुचित्रा सेन ने अपने कॅरियर में 60 फिल्में कीं, जिनमें से 30 में वह उत्तम कुमार के साथ नजर आईं।

### इंदिरा गांधी ने बैन करवा दी आंधी

साल 1955 में सुचित्रा सेन ने फिल्म देवदाससे बॉलीवुड में कदम रखे। इसमें दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला भी थीं। फिल्म सुपरहिट रही। फिर तो 60 से लेकर 70 के दशक तक सुचित्रा सेन का ही जलवा रहा। हालांकि, साल 1974 में आई फिल्म 'आंधी' ने एक विवाद खड़ा कर दिया। इस फिल्म में सुचित्रा सेन ने आरती देवी नाम का किरदार निभाया था। कहा गया है कि यह किरदार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रेरित है और कांग्रेस पार्टी की छवि भी खराब कर सकता है। जबकि यह किरदार उनसे प्रेरित नहीं था। पर इंदिरा गांधी ने 'आंधी' की रिलीज रुकवा दी। फिर सल 1975 में जब इमरजेंसी लगी, तो 'आंधी' को इंदिरा गांधी ने बैन करवा दिया। इसके बाद तो हर तरफ 'आंधी' की ही चर्चा होने लगी। हालांकि, साल 1977 में जब कांग्रेस पार्टी हार गई और जनता पार्टी सत्ता में आई तो 'आंधी' को टीवी पर प्रीमियर किया था। तब इस फिल्म की हर किसी ने तारीफ की।